Web Portal
www.ghatatighatana.com
G.G. News
सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...
RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/रायगढ़/2020 से 2022

# घटती घटना

अम्बिकापुर, वर्ष 18,अंक - 245 शनिवार ,09 जुलाई 2022, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रूपये


**ज्ञान की बातें**

*व्यसन के चंगुल से जो अपने आप को छुड़ा लेता है,वही महान तपस्वी है।*
-धृतराष्ट्र-

# अमरनाथ गुफा के पास बादल फटा

## 12 श्रद्धालुओं की मौत





**जम्मू, 08 जुलाई 2022।** जम्मू-कश्मीर के अमरनाथ यात्रा मार्ग में बादल फटने की खबर है. बताया जा रहा है शुक्रवार की शाम 5:30 बजे के आसपास बादल फटा. इसमें कई श्रद्धालुओं के हताहत होने की आशंका है. मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया है कि दो शव बरामद किये गये हैं. पहलगाम के ज्वाइंट पुलिस कंट्रोल रूम ने कहा है कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल , राज्य आपदा मोचन बल और अन्य एजेंसियां राहत एवं बचाव कार्य में जुट गयी हैं.

अमरनाथ गुफा के ऊपरी हिस्से से नीचे आया पानी

बताया गया है कि भारी बारिश की वजह से गुफा के ऊपरी हिस्से से पानी नीचे की ओर आया. अमरनाथ गुफा के आसपास चल रहे लंगर प्रभावित हुए हैं. घायल लोगों को अस्पताल पहुंचाने के लिए चॉपर को भेजा गया है. बुधवार (6 जुलाई) को अधिकारियों ने कहा था कि मौसम ठीक होने पर 8 जुलाई से फिर से यात्रा शुरू की जायेगी. बारिश अब थम चुकी है.

इससे पहले, बालताल और पहलगाम दोनों मार्ग में खराब मौसम की वजह से श्रद्धालुओं की आवाजाही रोक दी गयी थी. जम्मू से कश्मीर घाटी की ओर श्रद्धालुओं की यात्रा भी रोक दी गयी थी. इससे पहले, रामबन जिले कई जगहों पर हुई भारी बारिश के बाद भू-स्खलन की घटनाएं हुई. इसके बाद जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग को बंद कर दिया गया.

अधिकारियों ने बताया कि राजमार्ग पर सैकड़ों वाहन फंसे हैं, जिनमें अमरनाथ यात्रा पर जा रहे श्रद्धालुओं के वाहन भी शामिल हैं. अधिकारियों ने बताया कि कश्मीर को हर मौसम में देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने वाला 270 किलोमीटर लंबा राजमार्ग रामबन जिले में 6 जगहों पर पत्थर गिरने, भू-स्खलन और मिट्टी धंसने के कारण अवरुद्ध हो गया है.।

## मदरसों में भी अब होगा राष्ट्रगान, अरबी फारसी के साथ हिंदी समेत अन्य विषयों की होगी पढ़ाई:मंत्री धर्मपाल



**लखनऊ, 08 जुलाई 2022।** कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस ली. इस प्रेस वार्ता में राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी भी साथ में मौजूद हैं. इस दौरान मंत्री ने बताया कि मदरसों में ई लर्निंग ऐप जारी किया गया है. वहीं उन्होंने कहा कि अब मदरसों में अरबी फारसी के साथ, हिंदी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान और महापुरुषों के बारे में पढ़ाया जाएगा. साथ ही अब मदरसों में राष्ट्रगान भी होगा।

**मजदूर के बच्चे भी होंगे हुजूर**

मंत्री ने बताया कि दुग्ध उत्पादन में यूपी देश में नम्बर 1 है. वहीं नागरिक सुरक्षा को लेकर हमने बरेली और गोरखपुर में लोगों को ट्रेनिंग भी दी है. शिक्षा को लेकर उन्होंने कहा कि अब मजदूर के बेटे भी हुजूर होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### महाराष्ट्र में क्रॉस वोटिंग करने वाले विधायकों पर कार्रवाई की तैयारी में कांग्रेस, सोनिया गांधी से मिले नाना पटोले



**मुंबई ,08 जुलाई 2022।** महाराष्ट्र में हुए सियासी घटनाक्रम के बाद कांग्रेस ने विधान परिषद चुनाव और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के विश्वास मत के दौरान क्रॉस वोटिंग और गैर हाजिर करने वाले विधायकों पर कार्रवाई की तैयारी कर रही है। पार्टी ने 11 विधायकों को नोटिस भेज कर जवाब मांगा है।

इस बीच, महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी और दूसरे नेताओं से मुलाकात की है।

महाराष्ट्र विधान परिषद चुनाव में कांग्रेस के सात विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की थी। जबकि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बहुमत परीक्षण में 11 विधायक शामिल नहीं हुए थे। इनमें सात विधायक ऐसे हैं, जो एमएलसी चुनाव और बहुमत परीक्षण में शामिल हैं। पार्टी ने इन सभी विधायकों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि इन सभी पर कार्रवाई लगभग तय है।

कांग्रेस ने एमएलसी चुनाव में दो प्रत्याशी दिए थे। पार्टी ने विधायकों को साफ हिदायत दी थी कि पहली वरीयता चंद्रकांत हंडारे और दूसरी वरीयता भाई जगताप को दी जाए। पर विधायकों की क्रॉस वोटिंग की वजह से पहली वरीयता वाले चंद्रकांत हंडारे हार गए। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि हंडारे की हार को कांग्रेस नेतृत्व ने गंभीरता से लिया है। ऐसे में कार्रवाई लगभग तय है ।

### राजधानी-शताब्दी ट्रेनों में सस्ती होगी चाय-कॉफी, 50 रुपये सर्विस चार्ज घटाने की तैयारी में रेलवे



**नई दिल्ली ,08 जुलाई 2022।** राजधानी-शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन के एसी-2 व 3 कोच में 20 रुपये की चाय और उस पर 50 रुपये सर्विस चार्ज को लेकर सोशल मीडिया पर किरकिरी होने के बाद रेलवे बोर्ड इसमें सुधार का विचार कर रहा है। इसको लेकर अगले हफ्ते तक आदेश जारी हो सकते हैं।

रेलवे बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रीमियम ट्रेन राजधानी-शताब्दी, दुरंतो, गतिमान, वंदे भारत एक्सप्रेस आदि में टिकट बुक कराते समय कैटरिंग सुविधा लेना वैकल्पिक है। लेकिन बीच सफर के दौरान रेल यात्री नाश्ता, दोपहर-रात के खाने का ऑर्डर करते है, तो उनको 50 रुपये अतिरिक्त सर्विस चार्ज देना होगा ।

## यात्री तो छोड़िए साहब ट्रेन में टीटीई भी सुरक्षित नहीं

### सीट खाली करने को कहा तो बुजुर्ग टीटीई की पुलिसकर्मियों ने ही कर दी लात-घूसों से पिटाई,वीडियों वायरल



**पटना , 08 जुलाई 2022।** ट्रेन में सफर के दौरान यात्रियों की सुरक्षा का छोड़िये साहब अब तो टीटीई भी ट्रेन में सुरक्षित नजर नहीं आते. ऐसा ही एक मामला भागलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस से सामने आया है. जहां एक बुजुर्ग टीटीई के साथ जमकर मारपीट कर दी गई.

बड़ी बात यह है कि टीटीई की पिटाई भी बदमाशों ने नहीं बल्कि जीआरपी जवानों ने की। टीटीई का रोते बिलखते आप बीती बताते वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। मामला दानापुर भागलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस का बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक टीटीई दिनेश कुमार सिंह ने किसी और पैसेंजर की सीट पर ट्रेन में बिना टिकट यात्रा कर रहे जीआरपी जवान से सीट खाली करने को कहा। इस पर जवान ने टीटीई से विवाद शुरू हो गया।

यही नहीं जीआरपी जवान ने बख्तियारपुर स्टेशन पर अन्य जीआरपी के जवानों के साथ मिलकर टीटीई की ही जमकर पिटाई कर दी। इस घटना से आम आदमी के मन में सवाल पैदा हो गए हैं, कि ट्रेन में टीटीई ही सुरक्षित नहीं है, तो बाकी के यात्रियों की सुरक्षा का क्या हाल होगा।

## भारत में कल राष्ट्रीय शोक का ऐलान

### पीएम मोदी ने शिंजो आबे के निधन पर जताया शोक



**नई दिल्ली, 08 जुलाई 2022।** पूर्व पीएम शिंजो आबे के निधन पर भारत सरकार ने कल राष्ट्रीय शोक का ऐलान किया है. पीएम मोदी ने ट्वीट कर कहा-मैं अपने सबसे प्यारे दोस्तों में से एक शिंजो आबे के दुखद निधन पर स्तब्ध और दुखी हूं।÷ श्री आबे भारत-जापान संबंधों को एक विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी के स्तर तक ले जाने में बहुत बड़ा योगदान दिया। आज पूरा भारत जापान के साथ शोक मनाता है और हम इस कठिन क्षण में अपने जापानी भाइयों और बहनों के साथ एकजुटता से खड़े हैं.

बता दें कि आज जापान के पूर्व पीएम शिंजो आबे की हत्या हो गई है. उनको आज सुबह दो गोलियां मारी गई थीं. हमले के बाद से ही उनकी हालत नाजुक बनी हुई थी. गोली लगने के बाद उनको हार्ट अटैक भी आया था, इसके साथ ही उनका काफी खून भी बह गया था. 67 साल के शिंजो आबे को बचाने की पूरी कोशिश की जा रही थी, लेकिन डॉक्टर्स को इसमें सफलता नहीं मिली. बता दें कि शिंजे आबे को गोली मारने वाला हत्यारा पकड़ा जा चुका है।

## ठाकरे गुट ने राज्यपाल कोश्यारी के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में दी चुनौती




**नई दिल्ली, 08 जुलाई 2022।** महाराष्ट्र में राकांपा गठबंधन वाली उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना की सरकार गिरने के बाद अब वहां भाजपा के साथ एक नाथ शिंदे के नेतृत्व में नई सरकार बन गई है। महाराष्ट्र में नई सरकार के गठन के बाद अब निगाहें सुप्रीम कोर्ट में 11 जुलाई को होने वाली सुनवाई पर टिकी हैं। मिली जानकारी के मुताबिक उद्धव ठाकरे कैंप ने सर्वोच्च न्यायालय में एक और याचिका दाखिल की है। इसमें गवर्नर के निमंत्रण को चुनौती दी गई है।

उद्धव ठाकरे खेमे ने 30 जून को एकनाथ शिंदे को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित करने के महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एक नई याचिका दायर की है। यह कदम शिंदे द्वारा राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के एक सप्ताह से अधिक समय बाद आया है। आपको बता दें कि उद्धव ठाकरे गुट के द्वारा सुप्रीम कोर्ट में कई याचिकाएं दाखिल की गई हैं।

सभी मामलों पर 11 जुलाई को एकसाथ सुनवाई होनी है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में शिवसेना के बागी विधायकों के गुट के नए पार्टी सचेतक (व्हिप) को मान्यता देने के महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष के आदेश के खिलाफ उद्धव ठाकरे गुट की याचिका पर 11 जुलाई को सुनवाई करने के लिए सोमवार को सहमत हो गया।

न्यायमूर्ति इंदिरा बनर्जी और न्यायमूर्ति जे.के. माहेश्वरी की अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि नई याचिका की सुनवाई भी पहले से लंबित अन्य मामलों के साथ ही 11 जुलाई को समान पीठ की ओर से की जाएगी। उद्धव ठाकरे गुट की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता ए. एम. सिंघवी ने कहा, 'सचेतक को मान्यता देना अध्यक्ष के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता। यह इस अदालत के समक्ष कार्यवाही की यथास्थिति को बदल रहा है। अध्यक्ष ने आधी रात को नए सचेतक की नियुक्ति की।

## नितिन गडकरी का बड़ा ऐलान, भारत में बैन हो जाएगा पेट्रोल



**नई दिल्ली, 08 जुलाई 2022।** भारत में बढ़ती महंगाई के बीच केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने एक बड़ा बयान दिया है। देश में पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों को लेकर उन्होंने कहा है कि अगले पांच साल में देश से पेट्रोल को खत्म कर दिया जाएगा। इसपर बैन लगा दिया जाएगा।

आपकी जानकारी के लिए बता दें अकोला में डॉ. पंजाबराव देशमुख कृषि विश्वविद्यालय के 36वें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे नितिन गडकरी ने कहा कि अब विदर्भ में बने बायो-एथेनॉल का इस्तेमाल वाहनों में किया जा रहा है। ग्रीन हाइड्रोजन को कुएं के पानी से बनाया जा सकता है और 70 रुपये प्रति किलो के हिसाब से बेचा जा सकता है। गडकरी ने कहा कि अगले पांच साल में देश से पेट्रोल खत्म हो जाएगा।

वहीं इसी कड़ी में आगे गडकरी ने कहा कि इथेनॉल पर एक फैसले से देश को 20,000 करोड़ रुपये की बचत हुई है। निकट भविष्य में दोपहिया और चार पहिया वाहन ग्रीन हाइड्रोजन, एथेनॉल और सीएनजी पर आधारित होंगे। उन्होंने कहा कि विदर्भ से कपास बांग्लादेश को निर्यात करने की योजना है, जिसके लिए विश्वविद्यालयों के सहयोग की आवश्यकता है।

## कांग्रेस ने गुजरात, कर्नाटक में नियुक्त किए नये पदाधिकारी

**नयी दिल्ली ,08 जुलाई 2022।** कांग्रेस ने गुजरात तथा कर्नाटक में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर दोनों प्रदेशों के लिए कुछ नए पदाधिकारी नियुक्त किए हैं। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी ने गुजरात प्रदेश कांग्रेस के लिए सात कार्यकारी अध्यक्ष तथा कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के लिए नौ नए पदाधिकारी नियुक्त कर उन्हें तत्काल प्रभाव से पदभार ग्रहण करने को कहा है। उन्होंने बताया कि पार्टी ने गुजरात मे जिन सात नेताओं को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया है। उनमें विधायक ललित कगाथार, जिग्नेश मेवानी, रुत्विक मकराना, अम्बरीश जे डेर तथा हिम्मतसिंह पटेल के साथ पार्टी के वरिष्ठ नेता कादिर पीरजादा तथा इंद्रविजय सिंह गोहिल शामिल है।

## अमरावती हत्याकांड धर्म के आधार पर देश में दुश्मनी फैलाना था मकसद: एनआईए



**मुंबई, 08 जुलाई 2022।** हत्या जैसे जघन्य अपराध को अंजाम देकर धर्म के आधार पर देश को अशांत करने की लगातार कोशिशें की जा रही है। बीते सप्ताह अमरावती के एक व्यवसायी उमेश कोल्हे की हत्या मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी एनआईए ने बड़ा खुलासा किया है। एजेंसी का कहना है कि यह वारदात कुछ लोगों के समूह की एक बड़ी साजिश का हिस्सा थी।

इसका मकसद देश के एक विशेष समुदाय के बीच दहशत फैलाना था। साथ ही यह धर्म के आधार पर दुश्मनी को बढ़ावा देने का प्रयास भी था। कोल्हे की हत्या मामले में दर्ज एफआईआर के मुताबिक, भारत के लोगों को एक समुदाय को आतंकित करने के लिए साजिश रची गई। इस मामले का कनेक्शन नेशनल और इंटरनेशनल भी हो सकता है।

फेसबुक पर भारतीय जनता पार्टी की पूर्व नेता नुपुर शर्मा के समर्थन में एक पोस्ट लिखने को लेकर कोल्हे की 21 जून की रात को हत्या कर दी गई थी। एनआईए ने 2 जुलाई को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 के तहत भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 16, 18 और 20 के तहत मामला दर्ज किया।

### गिरफ्तार आरोपी आतंकवादी गतिविधियों में शामिल

एनआईए ने अदालत में कहा कि कोल्हे की हत्या के आरोप में गिरफ्तार आरोपी आतंकवादी गतिविधियों में शामिल थे। एनआईए की विशेष अदालत ने दलीलें सुनने के बाद सात आरोपियों को 15 जुलाई तक इस केंद्रीय जांच एजेंसी की हिरासत में भेज दिया। एजेंसी ने विशेष न्यायाधीश ए के लाहोटी से आरोपियों को 15 दिन की हिरासत का अनुरोध किया था, लेकिन उन्होंने 15 जुलाई तक एजेंसी को आरोपियों की हिरासत दी।

एनआईए ने अदालत को बताया कि यह दर्शाने के लिए आधार है कि आरोपी आतंकवादी गतिविधियों में शामिल थे। एजेंसी ने कहा कि आरोपियों की कोल्हे से कोई व्यक्तिगत दुश्मनी नहीं थी, लेकिन उनका इरादा लोगों को आतंकित करना था। एनआईए ने कहा कि ऐसा ही अपराध कहीं और भी हुआ है। एजेंसी शर्मा का समर्थन करने पर उदयपुर में एक दर्जी की हत्या का हवाला दे रही थी। उसने अदालत को बताया कि यह गहरी साजिश है।

## बाढ़ के कारण नदी में कार के बह जाने से 9 लोगों की मौत



**रांची, 08 जुलाई 2022।** मानसून के पहुंचने के बाद भारी बारिश होने से भीषण गर्मी से राहत तो मिली है लेकिन कई राज्यों में लगातार भारी बारिश हो रही है। अधिक बारिश की वजह से बाढ़ और भूस्खलन जैसे प्राकृतिक आपदा भी आने लगे हैं और लोगों की जान ले रहे है।

इसी तरह की एक घटना में उत्तराखंड के नैनीताल जिले में ढेला नदी में कार के बह जाने से 9 लोगों की मौत हो गई।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक पंजाब से आये पर्यटकों की एक कार कार्बेट पार्क से सटे ढेला बरसाती नाले में बह गयी। पानी का बहाव अधिक होने के चलते कार काफी दूर तक बह गयी, जिससे कार में सवार नौ लोगों की मौत हो गयी और एक व्यक्ति घायल हो गया।

घायल को रामनगर अस्पताल में उपचार के लिये भर्ती कराया गया है। नैनीताल के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पंकज भट्ट ने बताया कि 9 लोगों की मौत की पुष्टि की है। मृतकों में 4 पटियाला के हैं जबकि 2 रामनगर के हैं तथा बाकी की अभी पहचान नहीं हो पायी है। सूचना मिलते ही रामनगर और ढेला चैकीक पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और राहत एवं बचावकार्य शुरू किया गया।

## भ्रष्टाचार मामले में आप के बर्खास्त मंत्री विजय सिंगला को मिली जमानत



**चंडीगढ़, 08 जुलाई 2022।** पंजाब के सीएम भगवंत मान ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए अपनी ही सरकार के स्वास्थ्य मंत्री विजय सिंगला को बर्खास्त कर दिया था । भ्रष्टाचार मामले में फंसे पंजाब के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री विजय सिंगला को आज पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने जमानत मंजूर की। सिंगला को 24 मई को पंजाब की भ्रष्टाचार रोधी शाखा ने गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार से पहले ही उन्हें मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कैबिनेट से बर्खास्त कर दिया था।

आप नेता सिंगला पर अपने ओएसडी प्रदीप कुमार के जरिए रिश्वत लेने के आरोप लगे थे। मई में मोहाली के फेज 8 पुलिस स्टेशन में उनके खिलाफ सुप्रीटेंडेंट इंजीनियर रजेंद्र सिंह से रिश्वत मांगने की शिकायत दर्ज हुई थी। स्रद्धूत्र के अनुसार, 20 मई को सिंह से 10 लाख रुपये की मांग की गई थी। साथ ही उन्हें आगे होने वाले आवंटन के लिए एक फीसदी कमीशन देने के लिए भी कहा गया था।

### नई सरकार से हुए थे बाहर

10 मार्च को ही पंजाब विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित हुए थे। इसके बाद मई में ही राज्य की आप सरकार की तरफ से यह बड़ी कार्रवाई की गई थी। मुख्यमंत्री कार्यालय की तरफ के मुताबिक, सिंगला ठेकों के लिए अधिकारियों से 1 प्रतिशत दलाली मांग रहे थे। साथ ही सीएमओ ने यह भी कहा था कि सिंगला के खिलाफ मजबूत सबूत मिला है।

### अरविंद केजरीवाल ने की थी मान की तारीफ

सिंगला के खिलाफ सरकार की तरफ से की गई कार्रवाई पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सीएम मान की तारीफ की थी। उन्होंने ट्वीट किया था, 'आप पर मुझे गर्व है भगवंत। आपकी कार्रवाई से मेरी आंखों में आंसू आ गए। आज पूरा देश आप पर गर्व कर रहा है।' पंजाब के सीएम ने कहा था कि आप में भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टोलरेंस पॉलिसी है। मान ने बताया था कि उन्होंने सिंगला को कैबिनेट से बर्खास्त कर दिया है और पुलिस को उनके खिलाफ मामला दर्ज करने के निर्देश दिए हैं।

# संपादकीय

## महाशक्ति की मायूस जनता

हाल के वर्षों में हालात ऐसे बनते चले गए हैं, जिसमें अमेरिका की जनता में दुनिया की प्रमुख महाशक्ति का बाशिंदा होने को लेकर फख्र घटता चला गया है। खास कर ऐसा डॉनल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद हुआ।

अमेरिका आज यानी चार जुलाई को अपना स्वतंत्रता दिवस मनाएगा। अमेरिका महाशक्ति है। लेकिन हाल के वर्षों में हालात ऐसे बनते चले गए हैं, जिसमें वहां की जनता में दुनिया की प्रमुख महाशक्ति का बाशिंदा होने को लेकर फख्र घटता चला गया है। खास कर ऐसा डॉनल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद हुआ। फिलहाल, रिकॉर्ड महंगाई, राजनीतिक तनाव, और तीखे होते सामाजिक ध्रुवीकरण के कारण इस समय देश में मायूसी का माहौल है। इस बात का इजहार स्वतंत्रता दिवस के मौके पर जारी एक जनमत सर्वेक्षण रिपोर्ट से हुआ। उससे सामने यह आया कि अमेरिका वासियों में अपने देश पर गर्व की भावना में तेजी से गिरावट आई है। सर्वे एजेंसी गैलप ने ये रिपोर्ट जारी की है। गैलप 2001 से हर साल स्वतंत्रता दिवस से पहले ऐसी एक सर्वे रिपोर्ट जारी करती है। इस बार की रिपोर्ट के मुताबिक सिर्फ 38 फीसदी अमेरिकियों ने कहा कि वे अपने देश पर काफी गर्व महसूस करते हैं। बीते 20 साल में गौरव महसूस करने वाले लोगों का औसत 55 फीसदी रहा है।

स्पष्टतः इस बार ऐसी राय जताने वाली लोगों की संख्या में काफी गिरावट आई है। फिलहाल, अमेरिका में गर्भपात का अधिकार तनाव का सबसे बड़ा मुद्दा बना हुआ है। बीते 24 जून को सुप्रीम को 49 साल पुराने उस फैसले को पलट दिया, जिसमें गर्भपात को वैध ठहराया गया था। बहरहाल, गैलप का सर्वे ये फैसला आने से पहले किया गया था। यह सर्वे एक से 20 जून के तक किया गया। बहरहाल, वह वो दौर जरूर था, जब अमेरिका में कई जगहों पर गोलीबारी की घटनाएं हुई, जिनमें दर्जनों लोग मारे गए। ऐसी घटनाएं किसी भी समाज में मायूसी पैदा करती हैं। इस बीच सुप्रीम कोर्ट का एक और ऐसा फैसला आया है, जिससे ये मनोदशा और गंभीर रूप लेगी। कोर्ट ने पिछले हफ्ते पर्यावरण संरक्षण प्राधिकरण (ईपीए) के कार्बन उत्सर्जन घटाने संबंधी आदेश जारी करने के अधिकार को काफी सीमित कर दिया। जलवायु परिवर्तन रोकने संबंधी कदम उठाने में बड़ी रुकावट पैदा हो गई है। जाहिर है, इस फैसले से लिबरल खेमे में नाराजगी और बढ़ेगी।

# छत्तीसगढ़ इलेक्ट्रिक वाहन नीति-2022 के परिदृश्य



**पुखराज प्राज**
गरियाबंद छत्तीसगढ़

आज कल सड़को पर दौड़ती हरे नम्बर प्लेट्स वाले मोटर व्हीकल नये यातायात के युग की ओर इशारा कर रहे हैं। यह एक ऐसा वाहन है जो प्रणोदन के लिए एक या अधिक इलेक्ट्रिक मोटर का उपयोग करता है। इसे एक कलेक्टर सिस्टम द्वारा संचालित किया जा सकता है, अतिरिक्त स्त्रोतों से बिजली के साथ , या इसे बैटरी द्वारा स्वायत्त रूप से संचालित किया जा सकता है। ईवी में सड़क और रेल वाहन , सतह और पानी के नीचे के जहाज शामिल हैं। इलेक्ट्रिक वाहनों का प्रादुर्भाव यकायक या अचानक नहीं हुआ है। ईवी पहली बार 19वीं शताब्दी के मध्य में अस्तित्व में आए। जब मोटर वाहन प्रणोदन के लिए बिजली पसंदीदा तरीकों में से एक थी। जो आराम का स्तर और संचालन में आसानी प्रदान करती थी। जो उस समय की गैसोलीन कारों द्वारा हासिल नहीं की जा सकती थी । लगभग 100 वर्षों तक कारों और ट्रकों के लिए आंतरिक दहन इंजन प्रमुख प्रणोदन विधि थे। लेकिन अन्य वाहन प्रकारों, जैसे छोटे वाहनों में उपयोग कर रही है। 21वीं सदी में, ईवीएस ने तकनीकी विकास के कारण पुनरुत्थान देखा है। यह अक्षय ऊर्जा पर ध्यान केंद्रित किया है और जलवायु परिवर्तन, वायु प्रदूषण और अन्य पर्यावरणीय मुद्दों पर परिवहन के प्रभाव में संभावित कमी आई है।

जहाँ एक ओर पेट्रोलियम जनित वाहनों प्रदूषण सहित बढ़ती महंगाई के दौर में व्यय या आर्थिक क्षय भी बढ़ता दिखाई देता है। वहीं बिजली या रिचार्जेबल सिस्टम से चलने वाले इन व्हीकल के सस्ते ईंधन और पर्यावरण को प्रदूषण को कम करने की उद्देश्यपूर्ण लक्षणों के कारण लोगों के बीच लोकप्रिय हो रहे हैं। वहीं ईवी व्हीकल के कारोबार को कमतर आंकने वालों की कमी भी नहीं है। कुछ हादसों के उदाहरण सहित ईवी के कम दूरी के लिए सीमा बाध्यता को बाजार में प्रासंगिक होने की अवधारणा के मार्ग में रोड़े मानते हैं। लेकिन लगातार बढ़ती महंगाई और पेट्रोलियम के बढ़ते दाम लोगों को नये विकल्पों पर विचार करने के लिए नव आयाम दे रहे हैं।

इसी परिप्रेक्ष्य में राज्य शासन के द्वारा छत्तीसगढ़ ईवी नीति 2022 को मंजूरी दी गई है। जिसके तहत राज्य में आगामी पांच सालों में चार लाख इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद का लक्ष्य रखा गया है। निर्धारित तिथि तक ईवी नीति की परिचालन अवधि के लिए ईवी की खरीद पर पंजीकरण शुल्क में छूट का प्रावधान ईवी खरीद को बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगें। इस दौरान क्रय और पंजीयन में इलेक्ट्रिक बसों की बिक्री पर व इलेक्ट्रिक माल ढुलाई वाहन की बिक्री पर सत प्रतिशत एसजीएसटी की प्रतिपूर्ति की जाएगी। ईवी विनिर्माण उद्यम को विकसित करने के लिए राज्य सरकार संयंत्र और मशीनरी की लागत का 25 प्रतिशत अनुदान देगी। ईवी पार्क विकसित करने के लिए 500-1000 एकड़ भूमि आवंटित प्रावधान रखा गया है। यह औद्योगिक पार्क ईवी इको-सिस्टम के निर्माताओं को आकर्षित करेगा। ईवी-पॉलिसी के शुरू होने की तारीख से पहले 2 वर्षों के दौरान खरीदे गए सभी इलेक्ट्रिक वाहनों पर रोड टैक्स में सौ फीसदी छूट होगी।

बहरहाल नीति के निर्धारण के उपरांत यदि निवेश और उद्यम की स्तरों का बढ़ना रोजगार नवसृजन के मार्ग को निर्देशन करेंगे। वहीं भावी यातायात के संसाधनों के विकल्प के रूप में बढ़ती ईवी की प्रासंगिक होने की विचारधारा अब चल निकली है। लोगों में ईवी के लिए रुझान भी बढ़ने लगे हैं। जो भावी समय में इलेक्ट्रॉनिक व्हीकलों के मांग और बढ़ाने के लिए आशातीत अवसरों को जन्म दे रहे हैं। स्वच्छ संसाधनों के लिए लोगों में यह कौतूहल भी है की पर्यावरण संरक्षण एवं कम बजट के संसाधनों की यदि उपलब्धता हो, तो पेट्रोलियम जनित वाहनों से जल्द ही किनारा किया जाना निश्चित है। छत्तीसगढ़ में लागू ईवी पालिसी-2022 के प्रासंगिक होने के साथ-साथ ईवी के बैटरी और उसके मानक स्तर की जांच के संदर्भ में कार्य करना भी अति आवश्यक है। क्योंकि इस नव तकनीक में जरा सी चूक भयानक रूप धारण करने में क्षणिक देर नहीं।

# महाराष्ट्र के कुछ महासबक

महाराष्ट्र की राजनीति भारत के लिए कुछ महासबक दे रही है। सबसे पहला सबक तो यही है कि परिवारवाद की राजनीति पर जो पार्टी टिकी हुई है, वह खुद के लिए और भारतीय लोकतंत्र के लिए भी खतरा है। खुद के लिए वह खतरा है, यह उद्धव ठाकरे की शिवसेना ने सिद्ध कर दिया है। अब जो शिवसेना उद्धव ठाकरे के पास बची हुई है, वह कब तक बची रहेगी या बचेगी या नहीं बचेगी, कुछ पता नहीं।

उसके दो टुकड़े पहले ही हो चुके थे जैसे लालू और मुलायमसिंह की पार्टियों के हुए हैं। ये पार्टियां परिवार के अलग-अलग खंभों पर टिकी होती हैं। कोई पार्टी मां-बेटा पार्टी है तो कोई बाप-बेटा पार्टी है। कोई चाचा-भतीजा पार्टी है तो कोई बुआ-भतीजा पार्टी है। बिहार में तो पति-पत्नी पार्टी भी रही है। अब जैसे कांग्रेस भाई-बहन पार्टी बनती जा रही है, वैसे ही पाकिस्तान में भाई-भाई पार्टी, पति-पत्नी पार्टी और बाप-बेटा पार्टी है।


ये सब पार्टियां अब पार्टियां रहने की बजाय प्राइवेट लिमिटेड कंपनियां बनती जा रही हैं। न तो इनमें आतंरिक लोकतंत्र होता है, न इनमें आमदनी और खर्च का कोई हिसाब होता है और न ही इनकी कोई विचारधारा होती है। इनका एकमात्र लक्ष्य होता है– सत्ता-प्राप्ति! यदि सेवा से सत्ता मिले और सत्ता से सेवा की जाए तो उसका कोई मुकाबला नहीं लेकिन अब तो सारा खेल सत्ता और पत्ता में सिमट कर रह गया है। सत्ता हथियाओ ताकि नोटों के पत्ते बरसने लगें।

सत्ता से पत्ता और पत्ता से सत्ता– यही हमारे लोकतंत्र की पहचान बन गई है। राजनीति में भ्रष्टाचार ही शिष्टाचार बन गया है। हमारी राजनीति में आदर्श और विचारधारा अब अंतिम सांसें गिन रही हैं। भारतीय राजनीति के शुद्धिकरण के लिए यह जरुरी है कि सभी पार्टियों में परिवारवाद पर रोक लगाने की कुछ संवैधानिक तजवीज की जाए। महाराष्ट्र की राजनीति का दूसरा सबक यह है कि परिवारवाद उसके नेता को अहंकारी बना देता है। वह अपने पद को अपने बाप की जागीर समझने लगता है। एक बार उस पर बैठ गया तो जिंदगी भर के लिए जम गया।

पार्टी में नेता जो तानाशाही चलाता है, उसे वह सरकार में भी चलाना चाहता है। कभी-कभी ऐसे लोग सरकारों को बहुत प्रभावशाली और नाटकीय ढंग से चलाते हुए दिखाई पड़ते हैं लेकिन जब पाप का घड़ा फूटने को होता है तो उस वक्त आपात्काल थोपना पड़ता है।

–वेद प्रताप वैदिक–

# स्वयं के जीवन के निर्णय स्वयं से लीजिए!



**डॉ. माध्वी बोरसे!**
रावतभाटा,राजस्थान!

हम सभी को आम तौर पर माता-पिता, शिक्षकों, मालिकों और अन्य से स्वीकृति लेने को कहा जाता है! कभी-कभी उनकी स्वीकृति प्राप्त करना सामान्य और स्वस्थ होता है, लेकिन हर समय दूसरों से स्वीकृति प्राप्त करना हमको दुखी और असुरक्षित बना सकता है। हमें दूसरों से अत्यधिक अनुमोदन प्राप्त करना बंद करना चाहिए और हम कौन हैं और हमको इस दुनिया में क्या लाना है, इसकी सराहना करना शुरू करना पूरी तरह से संभव है।

एक बार जब हम यह सीख लेंगे कि दूसरों से अनुमोदन प्राप्त करना कैसे बंद किया जाए, तो हम अधिक आत्मविश्वास महसूस करेंगे और हमको केवल स्वयं से ही सत्यापन की आवश्यकता होगी।

### . आत्म-मूल्य की भावना विकसित करते हैं!

हमें दूसरों को खुश करने की अपनी आवश्यकता के बारे में जागरूक रहना होगा और बहुत आसानी से देने से बचना होगा । दूसरों को खुश करना हमारे जिंदगी का एकमात्र उद्देश्य नहीं होना चाहिए। तनाव के इस लगातार स्रोत से खुद को विराम देते हैं और कभी-कभी जाने देते हैं !

हमें अपने गुणों का पता लगाना चाहिए और उन्हें अपने कार्यों के साथ ध्यान में रखना चाहिए । जो कुछ भी हम व्यक्तिगत रूप से मानते हैं वह हमारे कार्यों का मार्गदर्शन करें । हमें किसी व्यक्ति से बात करके अपना निर्णय शीघ्रता से नहीं बदलना चाहिए और अपनी विश्वास प्रणाली को भी नहीं बदलना चाहिए, क्योंकि इसका मतलब है कि हमने हमारे अंतर्ज्ञान को नहीं सुना। हमें अपने आप को व्यक्त करने से घबराना नहीं चाहिए । हम जो हैं वही रहेंगे और इससे शर्मिंदा नहीं होंगे । अपने आप को सुनने या देखने की अनुमति न देकर एक ढोंग के पीछे न छुपते हैं और अपनी क्षमताओं को सीमित करेंगे ।

अगर हमें लगता है कि कोई हमें नापसंद करता है, तो उन विचारों की वैधता पर सवाल हमें उठाना चाहिए । यह सच नहीं हो सकता है। हो सकता है कि वह व्यक्ति केवल हमारे द्वारा की गई किसी बात से नाराज़ हुआ हो। दिमागीपन की रणनीति का उपयोग करके उन विचारों को दूर करना सबसे अच्छा है। वे अधिक नकारात्मक विचारों और भावनाओं को जन्म दे सकते हैं।

### . हमें अधिक चीजें स्वतंत्र रूप से करनी होगी!

सार्वजनिक वातावरण में अकेले रहने की आदत डालने के लिए अकेले और अधिक स्थानों पर हमें जाना चाहिए । आसपास के अन्य लोगों के बिना, कम यह समझ सकते हैं कि हम क्या करना चाहते हैं, इसके विपरीत जो दूसरे हमसे कराना चाहते हैं। ऐसा करने से पहले दूसरे क्या सोचेंगे इस बारे में सोचने से बचना चाहिए। अपने लिए सोचने की कोशिश करनी चाहिए और अपने कार्यों को अंजाम देने के लिए अपनी भावनाओं और विचार प्रक्रियाओं पर ध्यान केंद्रित करना होगा । खुद के निर्णय में आत्मविश्वास रखने की कोशिश करते है ।

### . अपने अच्छे गुणों पर ध्यान देंगे!

हमें उन चीजों की एक सूची बनानी होगी जो हमको अपने बारे में पसंद हैं और उन पर ध्यान केंद्रित कर सके । यह सूची हमें स्पष्ट प्रेरक प्रदान कर सकती है कि हम एक व्यक्ति के रूप में पूरी तरह से सक्षम क्यों हैं। हमें ध्यान रखना होगा कि हमारे अच्छे गुण मौजूद हैं और प्रचुर मात्रा में हैं। हमें हमारे बारे में नकारात्मक बातों पर ज्यादा ध्यान नहीं देना चाहिए । पृथ्वी पर हर किसी में नकारात्मक गुण होते हैं, उन पर बहुत अधिक ध्यान केंद्रित करने से हम बहुत दूर नहीं जाएंगे। यदि हम सुधार करना चाहते हैं, तो कुछ लक्ष्य निर्धारित करने होंगे, लेकिन बुरा महसूस न करेंगे या हम जैसे हैं उतने अच्छे नहीं हैं। हमें यह समझना होगा कि असफलता अंत नहीं है - हम हमेशा कुछ करने में बेहतर हो सकते हैं। सफलता आसानी से नहीं मिलती, इसके लिए कई बार




प्रयास करने पड़ते हैं और आमतौर पर कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। हमें असफलता पर ज्यादा निराश नहीं होना चाहिए ।

### . स्वयं के प्रति ईमानदार रहते हैं!

हम अपने लिए अवास्तविक अपेक्षाएं न रखें। यद्यपि हमको अच्छे गुणों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, इसका मतलब यह नहीं है कि हम कभी भी पूर्ण होने जा रहे हैं। निर्दोष होना कोई ऐसी चीज नहीं है जिसके साथ लोग पैदा होते हैं - इसे पहचानें और इसे अपने दैनिक विचारों में शामिल करने का प्रयास करते हैं । सब बेहतर महसूस करने के लिए खुद से झूठ न बोलें। खुद से झूठ बोलना बदलाव लाने के सबसे बुरे तरीकों में से एक है। अपने व्यवहार और विचारों को समझना और पहचानना उनमें से कुछ को बदलने का पहला कदम है। किसी भी मामले पर किसी और की राय मांगने के बजाय चीजों को परिप्रेक्ष्य में रखें!

### . सर्वप्रथम स्वयं को रखते हैं!

लोगों को हमेशा हां न कहें, उनके साथ ईमानदार रहें। अगर हम कुछ नहीं करना चाहते हैं, तो हमें बोल देना चाहिए! लोग समझेंगे और सामने आएंगे यदि वे वास्तव में हमारी परवाह करते हैं। ऐसा चुनाव करने में कुछ भी गलत नहीं है जिसकी किसी को उम्मीद न हो। अपने अधिकांश कार्यों पर ध्यान केंद्रित करेंगे कि वे भविष्य में हमें कैसे लाभान्वित करेंगे। कभी-कभी इस बात में बहुत अधिक फंस जाना कि चीजें दूसरे लोगों को कैसे प्रभावित करेंगी, और हमारे जीवन में समस्याएँ पैदा हो सकती हैं। दूसरों के मुद्दों के बारे में चिंता करने से पहले हमें कभी-कभी खुद को पहले रखना होगा, और हमारे जीवन पर नियंत्रण रखना होगा। बेशक दूसरे लोगों के मुद्दों को नज़रअंदाज़ न करते हैं, बल्कि पहले अपने ऊपर ध्यान केंद्रित करने का प्रयास करना हमें जरूरी है। दूसरे लोग लगातार क्या कर रहे हैं, इस बारे में सोचने में हमें नहीं उलझना चाहिए । इसके अनुरूप बने रहने का एक अच्छा तरीका थोड़ा व्यस्त होना है। खाली समय उन चीजों को करने में गीत आना चाहिए जिन्हें हम पसंद करते हैं, या उत्पादक चीजें करते हैं। जब हम अपना जीवन जीने में इतने व्यस्त होते हैं तो अन्य लोगों के जीवन का अधिक विश्लेषण करना कठिन होता है।

### . अपने जुनून पर ध्यान देना होगा

अपनी कुछ अलग रुचियों या शौकों के बारे में सोचते हैं और अपने खाली समय का प्रबंधन करने के लिए उन पर काम करना शुरू करते हैं । जब हमारा कैलेंडर उन चीजों से भरा होता है, जिनका हम इंतजार कर रहे होते हैं, तो बहुत कम सोचना पड़ता है।

7. हम अकेले अपने समय का आनंद लें, और इसे पोषित करने के लिए कुछ बनाएं। हम ऐसा ना सोचे कि अकेले समय व्यर्थ है। उस समय का उपयोग आराम करने और शांत होने के लिए हमें करना चाहिए । यह हमें कुछ करने में मदद करेगा और हमें अपने निजी हितों के साथ अधिक तालमेल बिठाएगा। एक लंबे समय से खोए हुए शौक या जुनून को उठाकर और उसमें वापस लाते हैं । सबसे अच्छी भावनाओं में से एक है किसी खोई हुई चीज़ से संबंध फिर से प्राप्त करना और इसे एक बार फिर से करने में एक नया आनंद प्राप्त करना।

### . हम अपनी प्रगति पर नज़र रखें

हमारी प्रगति कैसी चल रही है, इस बारे में लिखना शुरू करते हैं । हम उन समयों को लिख सकते हैं जब हमने स्वयं समस्याओं का समाधान निकाला, हम अकेले कठिन परिस्थिति से कैसे निपटें या उस समय को लिख सकते हैं जब हम वास्तव में किसी और से सत्यापन चाहते थे। इस तरह, हम देखेंगे कि किस प्रकार की स्थितियों के कारण हम उस मान्यता को चाहते हैं, और किन स्थितियों में हम सुधार कर सकते हैं । हमें यह भी याद रखना होगा इसे बदलना मुश्किल है, लेकिन यह संभव है। मानसिकता या जीवन के तरीके को बदलना हमेशा एक चुनौती होती है, लेकिन यह जान लें कि हम इस अवस्था से गुजर सकते हैं, और एक और चुनौती हमारा इंतजार कर रही है।

उन चीज़ों पर नज़र रखना जारी रखते हैं जिन्हें हम बदल रहे हैं और हम उन्हें कैसे बदल रहे हैं। यह करना बहुत अच्छा है, इस तरह हम समझ सकते हैं कि आपके लिए व्यक्तिगत रूप से क्या काम करता है और यह क्यों करता है। उन तरीकों का इस्तेमाल जारी रखने से भविष्य में काफी मदद मिलने वाली है।

### . हम दूसरों से अपनी तुलना करना बंद करें

जब हम अपनी तुलना दूसरों से करते हैं, तो यह कुछ भी उत्पादक नहीं करेगा । हर कोई अविश्वसनीय रूप से अद्वितीय है और इसकी अपनी क्षमताएं हैं। कोई और किसी चीज़ में बहुत अच्छा हो सकता है जो हम नहीं हैं, लेकिन हम किसी अन्य चीज़ में बहुत अच्छे हो सकते हैं जो वे नहीं कर सकते। हम इस बात पर ध्यान केंद्रित न करें कि कुछ मायनों में लोग बेहतर क्यों हैं, बल्कि इस बारे में सोचें कि हम क्या महसूस करना चाहते हैं और वहां कैसे पहुंचें। फिर, सबसे महत्वपूर्ण बात हमारी अपनी सफलता और भावनात्मक स्थिरता है, जो हमारे पास पहले से है उसके लिए आभारी रहकर और जो हमारे पास नहीं है उस पर अपनी सारी ऊर्जा केंद्रित न करें।

### . हम अपने लिए लक्ष्य निर्धारित करें।


दूसरों को खुश करने के लिए सिर्फ ना जिए, बल्कि खुद को खुश करने के लिए जिएं। फिर भी अन्य लोगों के दृष्टिकोण पर विचार करें, लेकिन पूरी तरह से उन पर ध्यान केंद्रित न करें। हम अपने प्राप्य लक्ष्यों की एक सूची बनाएं और सुनिश्चित करें कि वे चीजें हैं जो हम करना चाहते हैं। लक्ष्य निर्धारित करना महत्वपूर्ण है इसलिए हम विशेष रूप से जानते हैं कि हम यह परिवर्तन कैसे करने जा रहे हैं और क्यों। इन लक्ष्यों को पूरा करने का प्रयास करते हैं, क्योंकि ऐसा करने से खुशी मिल सकती है। हम यह कारण जाने, ऐसा इसलिए होना चाहिए क्योंकि हम अपने भीतर इस बदलाव की गहरी इच्छा रखते हैं।

### . हम अपने लिए भी जीना शुरू करें।

कभी-कभी थोड़ा स्वार्थी होना ठीक है। आखिर यह हमारी जिंदगी है। हम जो हैं वही रहें और उस पर गर्व करें, ऐसा करने में कुछ भी गलत नहीं है। नई चीजें आजमाएं जो हम हमेशा से करना चाहते थे। आगे देखने के लिए हम अपने आप को कुछ चीजें दें और अधिक मजेदार चीजें करने की योजना बनाएं! हम अपने आस-पास के अन्य लोगों पर बहुत अधिक भरोसा न करें। लोग जानकारी और आराम का एक बड़ा स्रोत हैं, लेकिन उन पर बहुत अधिक भरोसा करना हमको थका देने वाला हो सकता है और हमको ऐसा महसूस करा सकता है कि हम स्वयं कुछ भी ठीक से नहीं कर सकते।

स्वयं पर करें पूर्ण प्रयास,
खरे उतरने का रखे साहस,
स्वयं की स्वीकृति से करें कार्य,
स्वयं पर रखे संपूर्ण विश्वास!!

# मिशन वात्सल्य



**किशन सनमुखदास भावनानी**
गोंदिया महाराष्ट्र

वर्ष 1968 में रिलीज हुई दो कलियां फिल्म में साहिर लुधियानवी द्वारा लिखा गीत, बच्चे मन के सच्चे,सारे जग के आंख के तारे, ये वो नन्हे फूल है जो भगवान को लगते प्यारे!! सभी को, खासकर युवाओं को सुनकर रेखांकित करना जरूरी है कि बच्चों को वात्सल्य, प्यार देखभाल सहित भारत के हर बच्चे के लिए हमें स्वस्थ खुशहाल बचपन सुनिश्चित करना संवेदनशील समर्थनकारी और समकालीन की कोशिश व्यवस्था स्थापित करना होगा क्योंकि बच्चे ईश्वर अल्लाह का रूप ही नहीं हमारे देश का भविष्य भी हैं इसलिए ही केंद्रीय वित्तमंत्री ने बजट 2022 में मिशन वात्सल्य को आगे बढ़ाने की बात की थी तथा अभी 5 जुलाई 2022 को महिला बाल कल्याण मंत्रालय द्वारा अपने 78 पृष्ठों का मिशन वात्सल्य का दिशानिर्देश जारी किए हैं जो एक अप्रैल 2022 से लागू रहेंगे इसलिए आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से बच्चों उनके संबंधित कानूनोंअंतरराष्ट्रीय संधियों और मिशन वात्सल्य पर चर्चा करेंगे।

साथियों बात अगर हम मिशन वात्सल्य कीकरें तो पीआईबी के अनुसार, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने बच्चों के कल्याण एवं पुनर्वास के लिए 2009-10 से एक केन्द्र प्रायोजित योजना मिशन वात्सल्य यानें बाल संरक्षण सेवा योजना शुरू की है। मिशन वात्सल्य का लक्ष्य भारत के हर बच्चे के लिए एक स्वस्थ एवं खुशहाल बचपन सुनिश्चित करना, उन्हें अपनी पूर्ण क्षमता का पता लगाने के लिए अवसर प्रदान करना, हर क्षेत्र में विकास के लिए सहायता प्रदान करना, उनके लिए ऐसी संवेदनशील, समर्थनकारी और समकालिक इको-व्यवस्था स्थापित करना है जिसमें उनका पूर्ण विकास हो।

साथियों इसके साथ ही राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों को किशोर न्याय कानून 2015 के अनुरूप सुविधाएं मुहैया कराने तथा सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने में मदद करना था। मिशन वात्सल्य अंतिम उपाय के रूप में बच्चों के संस्थागतकरण के सिद्धांत के आधार पर कठिन परिस्थितियों में बच्चों की परिवार आधारित गैर-संस्थागत देखभाल को बढ़ावा देता है। पिछले साल स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा मिशन वात्सल्य शुरू किया गया था। मिशन वात्सल्य को वात्सल्य मैत्री अमृत कोष के नाम से भी जाना जाता है। जैसा कि इस मिशन का नाम दर्शाता है,ये एक दूरदर्शी प्रयास है जिसके माध्यम से स्तनपान को बढ़ावा देने और शिशु मृत्यु दर को कम करने का प्रयास किया जा रहा है। इस साल हुई बजट घोषणा में ये साझा हुआ था कि केंद्र सरकार मिशन वात्सल्य को आगे ले जाएगी और शिशुओं और माताओं के लाभ में प्रयत्नशील रहेगी। महिला और बाल विकास मंत्रालय ने भी अपनी मुख्य योजनाओं को तीन पार्ट में बांटा है। इसमें उन्होंने सभी महत्वपूर्ण योजनाओं को मिशन पोषण 2.0, मिशन शक्ति और मिशन वात्सल्य नामक तीन वर्गों में विभाजित किया है। इसका तात्पर्य ये है कि महिला और बाल विकास मंत्रालय की तीन अंब्रेला स्कीम्स में से मिशन वात्सल्य भी एक स्कीम है।

मिशन वात्सल्य के मुख्य कार्यों में संवैधानिक निकायों के कामकाज में सुधार लाना, सेवा प्रदान करने के ढांचे को मजबूत बनाना, संस्थागत देखभाल और सेवाओं के स्तरमें वृद्धि करना,गैरसंस्थागत समुदाय आधारित देखभाल को प्रोत्साहित करना, आपात स्थिति में पहुंच उपलब्ध कराना,प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण शामिल हैं। मंत्रालयने मिशन वात्सल्य योजना के विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं और राज्यों तथा केन्द्रशासित प्रदेशों के प्रशासनों से वर्ष 2022-23 के लिए इस संबंध में वित्तीय नियम दिशा-निर्देश के आधार पर अपने वित्तीय प्रस्ताव और योजनाएं तैयार करने को कहा है। मिशन वात्सल्य योजना के नियम एक अप्रैल 2022 से लागू होंगे।

सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों ने अपने यहां इस योजना को लागू करने के लिए मंत्रालय के साथ समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। मिशन वात्सल्य को केन्द्र द्वारा प्रायोजित योजना के तौर पर केन्द्र तथा राज्यों/केन्द्रशासित प्रदेशों की सरकारों के बीच निर्धारित लागत बंटवारा अनुपात के अनुरूप लागू किया जाएगा।

साथियों बात अगर हम भारत में बच्चों संबंधी कानूनों नियमों अन्तर्राष्ट्रीय संधियों की करें तो बच्चों के कल्याण में इसे कानून, नीति एवं कानून द्वारा पूरा किया जाने की परिकल्पना की गई है। अन्य मंत्रालयों के साथ समन्वय के साथ योजनाबद्ध हस्तक्षेप औरसंगठन। राष्ट्रीय बाल नीति, (2013 में संशोधित) और राष्ट्रीय बच्चों के लिए कार्रवाई की योजना, 2016 ने बाल कल्याण के लिए नीति ढांचा निर्धारित किया और सुरक्षा। भारतीय संसद ने इसके पक्षमें अनेक ऐतिहासिक कानून पारित किए हैं। बच्चों की तरह किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम 2015,यौन अपराधों से बच्चों की सुरक्षा अधिनियम 2012 सुरक्षा आयोग। बाल अधिकार अधिनियम, 2005, बाल विवाह अधिनियम, 2006 का निषेध और अधिकार शिक्षा अधिनियम 2009भारतमहत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय संधियों का एक हस्ताक्षरकर्ता भी है।संयुक्त राष्ट्र बाल अधिकारसम्मेलन और गोद लेने पर हेग सम्मेलन। बच्चों का प्रणालीगत विकास और बाल न्याय को मजबूत बनाना आवश्यक है।

साथियों बात अगर हम मिशन वात्सल्य के उद्देश्यों की करें तो, मिशन वत्सल्य के प्रमुख उद्देश्य हैं,केंद्रीयता रखते हुए प्रशासन की योजना में बच्चों को प्राथमिकता देना।मिशन के तहत किए गए सभी गतिविधियों और कार्यों के दौरान परियोजनाओं की रूपरेखा तैयार करते अथवा सुपुर्दगी देते समय बच्चे का सर्वोत्तम हित।कार्यक्रम और सकारात्मक कार्रवाई करने के लिए खुश होने का अधिकार सुनिश्चित करना।परिवारों का समर्थन करने के लिए मजबूत सामाजिक सुरक्षा के साथ परिवार के वातावरण बच्चों के जीवित रहने, विकास, संरक्षण और अधिकार सुनिश्चित करना।सहभागिता। आवश्यक सेवाएं स्थापित करना और आपातकालीन सेवाओं की आपूर्ति न करना।परिवार और समुदाय के भीतर संस्थागत देखभाल, और संस्थागत देखभाल राष्ट्रीय, क्षेत्रीय, राज्य और जिले में परामर्श और सहायता सेवाएं। सभी स्तरों पर उचित अंत सीमलेस के लिए अभिसरण प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए सभी संबद्ध प्रणालियों के साथ नेटवर्क बच्चों को सेवा वितरण परिवार और सामुदायिक स्तर पर बाल संरक्षण को मजबूत करने के लिए, परिवारों से लैस करना, और समुदायों को बच्चों को प्रभावित करने वाले जोखिमों और कमजोरियों को पहचानने के लिए, पैदा करते हैं। बच्चों को स्थितियों से बचाने के लिए निवारक उपायों को बढ़ावा देना।भेद्यता, जोखिम और दुरुपयोग बच्चों की सहायता के लिए निजी क्षेत्र की भागीदारी और हस्तक्षेपों को प्रोत्साहित करना।जो कानून के दायरे में हो।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि मिशन वात्सल्य भारत के हर बच्चे के लिए हमें स्वस्थ खुशहाल बचपन सुनिश्चित करना, संवेदनशील समर्थनकारी और समकालीन इको व्यवस्था स्थापित करना होगा। बच्चे ईश्वर अल्लाह का रूप हैं, बच्चों संबंधी कानूनों नीतियों संस्थागत गैरसंस्थागत सेवाओं में योजनाबद्ध तरीके से समन्वय स्थापित करना समय की मांग है।

## जीवन में कुछ कर पाने की चाहत



**महेन्द्र साहू खलारीवाला**
बालोद छत्तीसगढ़

कुछ पाने की चाहत लिए ,
मनुज अथक परिश्रम करता है।
श्रमजीवी मानव इस जगत में
कभी भूखा नहीं मरता है।
हर भटके हुए मानव यहाँ,देर से
सजग होता है।
तभी अपनी गलतियों का,एहसास
उन्हें होता है।
कामयाबी के पीछे ही तो,
दृढ़ निश्चय संकल्प होता है।
हँसने वाले हर इंसान,यहाँ
जग में सबसे पहले रोता है।
जो दौलतहीन है उन्हें,कुछ पाने की
हसरत होती है।
जो दौलतमंद है वह तो, ख़ुद में
ही मगन होता है।
भव सागर पार उतरने से पहले,
मृत्युलोक का विचरण होता है।
डूबने से पहले ही तो हर इंसान,
पार निकलने,लगाता गोता है।
प्रेम सार है इस जगत में,सबसे प्रेम
करना सीख ले।
निर्दयी मानव इस जहां में, कहाँ
किसी का होता है।

## लगन लगी है



**प्रीति चौधरी मनोरमा**
बुलंदशहर उत्तरप्रदेश

लगन लगी है तेरे प्रेम की
अब मुझको कुछ नहीं सुहाता।
पलकों की चादर के पीछे
तेरा मुखड़ा क्यों दिख जाता।
तुम ही तुम रहते हो अब मुझ में
कोई नहीं अनुरागी मन में
रक्त वाहिनी तुम बन गए हो
बहते हो हर एक धड़कन में।
जब से तुम संग प्रीत जुड़ी है
कोई कहाँ है मन को भाता।
लगन लगी है तेरे प्रेम की
अब मुझको कुछ नहीं सुहाता...
रिक्त सा था यह जीवन मेरा
तुमको पाकर धन्य हुई हूँ।
जब से तुम ने दिया सहारा
अपराजिता बन विजय हुई हूँ।
खिल उठता है मन का उपवन
जब तू प्रेम सुधा बरसाता।
लगन लगी है तेरे प्रेम की
अब मुझको कुछ नहीं सुहाता...
जीवन पथ में कहाँ अकेली
प्रतिबिंब बन कर तुम चलते हो।
जब आती है घनी विभावरी
प्रेम-दीप बनकर जलते हो।
आज अभी की बात नहीं है
युगों- युगों का अपना नाता।
लगन लगी है तेरे प्रेम की
अब मुझको कुछ नहीं सुहाता...

## गुरुवर



**कल्पना भदौरिया स्वप्निल**
लखनऊ,उत्तरप्रदेश

गुरुवर मेरे ज्ञान का,
बहुत बड़ा भंडार है
उनकी होती जब कृपा,
बढ़े छंद से प्यार है
नवल तत्व निर्माण में ,
देते गुरुवर ध्यान हैं
आप सँवारे शिष्य को,
जग में आप महान हैं
प्रथमम वंदन आपको,
चरण पखारूँ नाथ है
चरण कमल में आपके,
झुका रहे ये माथ है
छंद ताल अरु बोध लय,
देते अद्भुत ज्ञान हैं
गुरुवर जब करते कृपा,
बनता शिष्य महान है
वंदन गुरुवर आपको,
चरण कमल तव ध्यान है
करूँ साधना गुरु प्रथम,
जग में मिलता मान है
गुरुवर ज्ञान प्रकाश से ,
बनी लेखनी धार है
करती नित नव मैं सृजन,
गुरुवर सुख का सार है
सत्य कहा था आपने,
धैर्य धरो तुम कल्पना
सीखो छंद विधान को,
बने लेखनी अल्पना
शब्दों के मोती मिले,
करना साधक साधना
धन्य हुई गुरु पूर्णिमा,
करूँ चरण आराधना
ज्ञान मिले गुरु से सदा,
गुरुवर परम प्रकाश हैं
सरगम संगम साधना,
सुमधुर सुखमय आस हैं
गुरुवर विद्या दान से,
मिटा तिमिर अज्ञान का
मार्ग दिखाया आपने,
सत्य जगत में मान का

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

दैनिक घटती घटना | G.G. News | Web Portal www.ghatatighatana.com | हमर छत्तीसगढ़ | अम्बिकापुर, शनिवार 09 जुलाई 2022 | 3

# महिला थाने में अधिवक्ता से दुर्व्यवहार

-नगर संवाददाता-

**अम्बिकापुर, 08 जुलाई 2022(घटती-घटना)।** आम जनता से अच्छा संबंध बनाने की पुलिस अधीक्षक द्वारा दी गई नसीहत पर कितना अमल उनके अधीनस्थ कर रहे हैं, यह अधिवक्ताओं के भड़के आक्रोश से सामने आ रहा है। महिला थाने में एक अधिवक्ता के साथ महिला थाना प्रभारी द्वारा किए गए दुर्व्यवहार की जानकारी अधिवक्ता संघ तक पहुंची और प्रतिनिधिमंडल अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन के माध्यम से उक्ताशय की जानकारी दिया। इनके द्वारा संबंधित महिला थाना प्रभारी पर अधिवक्ता के साथ किए गए दुर्व्यवहार पर रोष जताते हुए कार्रवाई की मांग की गई है।जानकारी के मुताबिक जिला न्यायालय के अधिवक्ता अशोक ठाकुर अपने क्लाइंट के साथ शहर के महिला थाना गए थे। इसी बीच महिला थाना प्रभारी ने कुछ सवाल किए जिस पर अधिवक्ता ने उसका जवाब दिया।



आरोप है कि इसी बीच थाना प्रभारी का बातचीत करने का लहजा बदल गया और उन्होंने अधिवक्ता के थाना आने पर सवाल उठाया। अधिवक्ता अशोक ठाकुर का आरोप है कि उनके साथ थाना प्रभारी का व्यवहार एक अपराधी के समान था। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रवीण गुप्ता का कहना है कि एक अधिवक्ता के साथ जिस प्रकार अभद्रता महिला थाने के प्रभारी ने की वह ठीक नहीं है। पुलिस अधीक्षक को अधिवक्ता संघ ने ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई करने की मांग की है। कहा गया है कि थानों में पुलिस आरक्षक से लेकर थाना प्रभारी के द्वारा दुर्व्यवहार करने का यह कोई नया मामला नहीं है। नए पुलिस अधीक्षक के आने के बाद आम जनता में तब्दीली की उ मीद थी लेकिन जो रवैया सामने आ रहा है, उससे पुलिस व जनता को उ मीद थी कि पुलिस के व्यवहार में तब्दीली आएगी, जनता और पुलिस के बीच बेहतर तालमेल होगा, लेकिन इसके लिए पुलिस अधिकारियों के द्वारा की गई पहल कैसे सार्थक होगी, इसे लेकर प्रश्नचिन्ह लग रहे हैं। पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपने के दौरान पूर्व अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अशोक दुबे, चंद्रेशनंदन झा, अशोक ठाकुर सहित अन्य अधिवक्ता उपस्थित थे।



# महापौर व आयुक्त बने मितान, घर पहुंचाया प्रमाण-पत्र

-नगर संवाददाता-

**अम्बिकापुर, 08 जुलाई 2022(घटती-घटना)।** मुख्यमंत्री मितान योजना अंतर्गत महापौर डॉ. अजय तिर्की व निगम आयुक्त प्रतिष्ठा ममगाईं द्वारा निगम क्षेत्र में 2 जन्म प्रमाण पत्र एवं एक जोड़े को विवाह प्रमाण पत्र उनके घर जाकर प्रदान किया गया। गौरतलब है कि 7 जुलाई को जयस्तंभ चौक निवासी मनोज गुप्ता द्वारा अपनी जुड़वा बच्चियों के जन्म प्रमाण पत्र, महफूज आलम व नोशिन तरन्नुम द्वारा विवाह प्रमाण पत्र हेतु मितान के टोल फ्री नंबर 14545 पर कॉल करके आवेदन किया गया था। इस पर त्वरित प्रमाण पत्र जारी करते हुए आज उनके निवास में महापौर एवं आयुक्त द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री मितान योजना अंतर्गत निगम क्षेत्र में 8 शासकीय सेवा जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, विवाह प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, भूमि नकल दस्तावेज, गुमास्ता लाइसेंस हेतु टोल फ्री नंबर 14545 जारी किया है। इसमें नागरिक अपॉइंटमेंट बुक करा कर शासकीय सुविधा का लाभ घर बैठे पा सकते हैं। मितान द्वारा आवेदक के घर जाकर दस्तावेज संकलन कर ऑनलाइन अप्लाई किया जाता है, तत्पश्चात त्वरित रूप से संबंधित विभाग द्वारा आवेदन का परीक्षण कर प्रमाण पत्र जारी किया जाता है, जिसे मितानों द्वारा आवेदक के घर जाकर प्रदान किया जा रहा है। निगम आयुक्त द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि मुख्यमंत्री मितान योजना के माध्यम से 14545 पर कॉल कर घर बैठे शासकीय सुविधा का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाएं।

# हत्या के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

-नगर संवाददाता-

**लखनपुर , 08 जुलाई 2022(घटती-घटना)।** मामला लखनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बगदर्री में खाना बनाने के विवाद को लेकर पति ने पत्नी के साथ डंडे से मारपीट कर हत्या कर दी। लखनपुर पुलिस आरोपी पति को गिरफ्तार 8 जुलाई शुक्रवार को न्यायिक रिमांड पर भेजा है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक प्रार्थी तेजू राम पिता ननकू राम उम्र 50 वर्ष ग्राम रनपुर पतरापारा थाना गांधीनगर जिला सरगुजा के द्वारा लखनपुर थाने रिपोर्ट दर्ज कराया गया था कि 6 जुलाई की शाम लगभग 3ः00 बजे ग्राम बगदर्री के कोटवार ने उसे फोन कर बताया कि तुम्हारी लड़की मोहरमनी अपने ससुराल के अपने ही घर के कमरे में मरी पड़ी है।तेजू राम ग्राम बगदर्री पहुंच अपनी लड़की मोहरमनी के घर के कमरे में जाकर देखा कि घर के कमरे के जमीन पर बिछाए हुए बिस्तर में मोहरमनी मृत अवस्था में पड़ी है। जिसके शरीर में जगह जगह चोट के निशान है तथा घर के अंदर कमरे में खून का जगह जगह धब्बा निशान भी देखा। प्रार्थी के रिपोर्ट पर लखनपुर पुलिस 145/2022 धारा 302 भादस कायम कर विवेचना में लिया गया। घटना की सूचना थाना प्रभारी के द्वारा विभाग के उच्च अधिकारियों को दी गई उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन में मृतक के पति शिवनंदन गोंड पिता कमल साय उम्र 28 वर्ष ग्राम बगदर्री थाना लखनपुर निवासी को घेराबंदी कर पकड़ कर कड़ाई से पूछताछ की गई। उसने अपना जुर्म स्वीकार किया। आरोपी पति के विरुद्ध सबूत पाए जाने पर गिरफ्तार करते हुए शुक्रवार को न्याय के रिमांड पर भेजा गया है लखनपुर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी पति सुखनंदन गोंड मजदूरी कर घर आया उसकी पत्नी शराब के नशे में धुत थी उसने अपने पत्नी को खाना बनाने के लिए कहा जिस पर महिला अपने पति से विवाद करने लगी जिसके बाद उसने लाठी-डंडे से उसके साथ मारपीट की जिससे मोहरमनी मौत हो गई। आरोपी पति के द्वारा जुर्म स्वीकार करने तथा आरोपी के विरुद्ध सबूत पाए जाने पर 7 जुलाई को गिरफ्तार कर 8 जुलाई दिन शुक्रवार को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। संपूर्ण कार्यवाही में निरीक्षक अलरिक लकड़ा, सहायक उपनिरीक्षक डेविड मिंज, अरुण गुप्ता, प्रधान आरक्षक अनिल कामरे, नरेंद्र जांगड़े, आरक्षक जानकी प्रसाद राजवाड़े ,अमीर मझवार सक्रिय रहे।



# केंद्र सरकार के विरोध में सरगुजा किसान कांग्रेस का धरना प्रदर्शन राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

-नगर संवाददाता-

**लखनपुर , 08 जुलाई 2022(घटती-घटना)।** सरगुजा किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष अमित सिंहदेव के अगुवाई में जिला व ब्लॉक कांग्रेस के साथ किसान कांग्रेस ने केंद्र सरकार के विरोध में 8 जुलाई दिन शुक्रवार को लखनपुर तहसील कार्यालय परिसर में सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया। जहाँ बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसान मौजूद रहे। केंद्र सरकार पर छत्तीसगढ़ के साथ पक्षपात कर रसायनिक खाद तथा उर्वरक की कम आपूर्ति देने का आरोप लगाते हुए राष्टपति के नाम तहसीलदार गरिमा ठाकुर को ज्ञापन सौंपा है। मंच से वक्ताओं ने उपस्थित किसानों व कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र की मोदी सरकार छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार द्वारा की गई मांग के अनुरूप आधे से भी कम रासायनिक खाद व उर्वरक की आपूर्ति करा रही है। किसानों को रासायनिक खाद और उर्वरक की कमी का सामना करना पड़ रहा है। इससे खरीफ फसल की खेती भी पिछड़ रही है। इसे लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष अमित सिंहदेव के नेतृत्व में लखनपुर तहसील कार्यालय परिसर में धरना प्रदर्शन किया। यहां पर किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष अमित सिंह देव के द्वारा आगंतुकों का अभिनंदन किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश गुप्ता, किसान कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेष सिंहदेव, विधायक प्रतिनिधि विक्रमादित्य सिंहदेव, जनपद अध्यक्ष मोनिका सिंह पैकरा, नगर पंचायत नेता प्रतिपक्ष रमेश जायसवाल, शैलेंद्र गुप्ता, सत्येंद्र राय पार्षद अशफाक खान, अमित बारी, मकसूद हुसैन अजहर राम चौधरी, राम सुजान द्विवेदी, शैलेश पांडे जग रोपन यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता वाह किसान मौजूद रहे।




# हाईकोर्ट के आदेश के बाद प्रधान पाठक के खिलाफ थाने में दर्ज हुआ अपराध

-नगर संवाददाता-

**लखनपुर , 08 जुलाई 2022(घटती-घटना)।** छत्तीसगढ़ बिलासपुर हाई कोर्ट के आदेश उपरांत लखनपुर थाने में प्रधान पाठक के खिलाफ धारा 420, 467, 468 ,471 ,120 (बी) के तहत लखनपुर थाने में अपराध पंजीबद्ध किया गया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक लखनपुर निवासी महेंद्र पाल पड़वार पिता स्व सीएल पड़वार के द्वारा ग्राम ग्राम कटिण्डा में वन अधिकार तिरंगा पट्टा भूमि को प्रधान पाठक के द्वारा षडयंत्र पूर्वक रजिस्ट्री करा लिया गया था जिसे लेकर हाईकोर्ट में आवेदक महेंद्र पाल पड़वार के द्वारा हाई कोर्ट बिलासपुर में डब्ल्यू पी सी आर नंबर 366 शद्ध 2022 विरुद्ध राकेश रजक के द्वारा ग्राम कटिण्दा लखनपुर के भूमि खसरा क्रमांक 964/3 रकबा 0.393 हेक्टेयर भूमि जो वन भूमि तिरंगा पट्टा प्रदत भूमि को राकेश रजक के द्वारा भूमि स्वामी गोवर्धन, मुरली ,विनोद बरगाह पिता स्वर्गीय चमरू बरगाह ग्राम कटिण्दा को धोखा देकर संयंत्र कर बगैर कलेक्टर महोदय के अनुमति के सन 2006-07 में रजिस्ट्री करा लिया।हाई कोर्ट बिलासपुर द्वारा 22/4 /2022 को आदेश पारित किया गया की राकेश कुमार रजक आत्माज स्वर्गीय दीनबंधु प्रसाद रजक उम्र 52 वर्ष पेशा नौकरी प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला घुईभावना विकासखंड लखनपुर जूना लखनपुर निवासी जिला सरगुजा द्वारा ग्राम कटिण्दा की भूमि को धोखाधड़ी कर रजिस्ट्री करा लिया गया। जबकि उक्त भूमि पर कलेक्टर की बिना अनुमति के उक्त भूमि को विक्रय या क्रय नहीं किया जा सकता है। वन अधिकार की मान्यता अधिनियम 2006 एवं नियत 2007, 4 था संशोधित नियम 2012 के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को अभियोग के अधीन वन भूमि के लिए वन अधिकार पत्र दिया जाता है। जिसका विक्रय नहीं किया जा सकता इसके अतिरिक्त शासन से पट्टे पर प्रदत भूमि का विक्रय छत्तीसगढ़ भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 7 ख शासन के पट्टे पर प्राप्त भूमि का विक्रय कलेक्टर के अनुमति से किया जा सकता है जो कि बिना कलेक्टर के अनुमति के क्रय एवं विक्रय किया गया है। भारतीय दंड विधान की धारा 420 467 468 471 120 बी के साथ अन्य सुसंगत धाराओं के अंतर्गत दंडित करते हुए राष्टीय को अवैध मानते हुए उक्त भूमि को शासकीय मद में दर्ज की जावे खरीदी बिक्री का अवैध कार्य शासकीय कर्मचारी के लिए दंनात्मक एवं अनुशासन को भंग करने का कार्य आवेदक द्वारा किया जा रहा है। हाईकोर्ट के आदेश डब्ल्यू पी सी आर नंबर 366 ऑफ 2022 के सूचना एवं अनुपालन को दृष्टिगत रखते हुए अनावेदक के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध करते हुए विवेचना में लिया गया है।




# महिला एवं बाल विकास विभाग महिलाओं को सशक्त बनाने कर रहा महिला जागृति शिविर का आयोजन

-नगर संवाददाता-

**सूरजपुर , 08 जुलाई 2022(घटती-घटना)।** कलेक्टर इफ्फत आरा ने जिला कार्यक्रम अधिकारी चन्द्रवेस सिंह सिसोदिया को जिले में महिलाओं सशक्त बनाने के लिए चयनित ग्राम पंचायतों में महिला जागृति शिविर आयोजन करने के निर्देश दिए है। इसी तारतम्य में जिला कार्यक्रम अधिकारी ने महिला एवं बाल सरंक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल को ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजन के महिलाओं विभिन्न प्रकार की जानकारी देने की जिम्मेदारी दी है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल एवं उनके टीम के द्वारा विश्रामपुर नगर पंचायत के सभा कक्ष में एवं केशवपुर पंचायत भवन में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने बालिका शिक्षा पर विशेष ध्यान देने हेतु सभी को आग्रह किया क्योंकि बालिका पे ेगी, लिखेगी तो वहीं कल महिला बनेगी। उसके उपर अत्याचार, घरेलु हिंसा, दहेज प्रतो ना जैसे अपराध नहीं हो पाएगी। जहां पर महिलाए अशिक्षित रहती है, वहां पर उसके उपर विभिन्न प्रकार के अत्याचार किये जाते है, अज्ञानता के कारण वे इसका विरोध नहीं कर पाती हैं। परियोजना अधिकारी श्रीमती अमृता भगत ने बताया कि आंगनबो ी में बहुत सी योजनाऐं संचालित है। महिलाओं को नजदिकी आंगनबो ी से हमेशा सम्पर्क में रहना चाहिए। गर्भवती माताओं को प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना में 5000 रुपये दिया जाता है। कौशल्या मातृत्व वंदना योजना में दूसरी बालिका होने पर 5000 रुपये दिया जाता है। नोनी सुरक्षा योजना में 1 लाख रुपये 18 वर्ष की आयु में दी जाती है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अन्तर्गत विवाह योग्य बालिकाओं का विवाह भी महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कराया जाता है। जिसमें नगद राशि से लेकर विवाह का खर्च और 19000 रुपये के सामान भी विभाग द्वारा दिया जाता है। महिला संरक्षण अधिकारी श्रीमती इन्द्रा चौबे ने घरेलु हिंसा अधिनियम की जानकारी देते हुए कहा कि आज कल घरेलु हिंसा के अपराध बे गये हैं। कोई दहेज के लिए, तो कोई नशे के कारण, तो कोई कुछ भी कमी निकालकर महिलाओं को घर के अन्दर मानसिक एवं शारीरिक रूप से प्रतां़ित कर रहे हैं। कार्य स्थल पर लैंगिक उत्पी न के संबंध में उन्होंने बताया कि कामकाजी महिलाओं के साथ भी उनके कार्य स्थल मे गलत टीका टिप्पणी किया जाता है या लैंगिक अपराध होते हैं तो इसके लिए भी समितियों का गठन किया गया है।



# पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने ली क्राइम मीटिंग

**अपराधियों में पुलिस का खौफ बनाए रखने थाना प्रभारियों को दिए सख्त कार्यवाही करने के निर्देश।**

**सामाजिक बुराईयों एवं अवैध कारोबार पर रोक लगाने दिए के निर्देश।**

**क्षेत्र में तीसरी ऑख लगवाने,अपराध की रोकथाम हेतु पेट्रोलिंग व रात्रि गश्त प्रभावी रूप से करने के निर्देश।**

-नगर संवाददाता-

**सूरजपुर , 08 जुलाई 2022(घटती-घटना)।** शुक्रवार, 08 जुलाई को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभाकक्ष में पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू द्वारा जिले के पुलिस अधिकारियों का क्राईम मीटिंग लिया, जिसमें थाना-चौकी के कार्यो के परफारमेंश को जाना और लंबित अपराधों एवं शिकायत के निराकरण का ब्यौरा लिया। अपराधियों में पुलिस का खौफ बनाए रखने तत्परतापूर्वक सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। अनसुलझे व लंबित मामलों पर चर्चा कर आरोपियों की गिरफ्तारी करते हुए निकाल करने तथा घटना-दुर्घटना की सूचना पर सक्रियता के साथ मौके पर पहुंचने और जरूरी कदम उठाते हुए त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने प्रभारियों को कहा कि सामाजिक बुराईयों, अवैध कारोबार पर अंकुश लगाई जाए, अपराध रजिस्टर करने में किसी प्रकार की कोताही ना बरते, थाना प्रभारी खुद नागरिकों की समस्या शिकायत को सुने और निराकरण करें। बैंकों की सुरक्षा ऑडिट एवं सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कराने, क्षेत्र में सक्रियता के साथ पेट्रोलिंग एवं रात्रि गश्त करने के निर्देश दिए। क्षेत्र में सहयोग से अच्छे किस्म के तीसरी ऑख को प्रमुख स्थानों पर लगवाने, अधिनस्थ कर्मचारियों को बेहतर कार्य करने हेतु प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस की कार्यवाही अच्छी और पारदर्शी होनी चाहिए इससे पुलिस के प्रति जनता का विश्वास और बढ़ेगा। सड़क दुर्घटना के मामले जिनमें वाहन और चालक अज्ञात है उनकी पतासाजी गंभीरता से करें ताकि आहत के परिजनों को राहत दिलाई जा सके। थाना क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु सूचना तंत्र मजबूत करने, संपत्ति संबंधी अपराध जैसे लूट, चोरी, धोखाधड़ी आदि को रोकने के लिए सतत पेट्रोलिंग व प्रभावी रात्रि गश्त करने, अधिक से अधिक लघु व प्रतिबंधात्मक अधिनियम के तहत कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ए.के.जोशी, एसडीओपी सूरजपुर गीता वाधवानी, एसडीओपी प्रेमनगर प्रकाश सोनी, एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी, एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह, डीएसपी मुख्यालय नंदिनी ठाकुर, प्रशिक्षु डीएसपी दीपमाला कुर्रे सहित जिले के सभी थाना-चौकी प्रभारी व जिला पुलिस कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।





# प्रेस से मिलिए कार्यक्रम में कोरबा के 16वे जिलाधीश से पत्रकार हुए रूबरू

-नगर संवाददाता-

**कोरबा, 08 जुलाई 2022(घटती-घटना)।** कोरबा प्रेस क्लब में प्रेस से मिलिए कार्यक्रम में ज़िले के नए ज़िलाधीश श्री संजय कुमार झा से सभी पत्रकार रूबरू हुए कोरबा के 16वे ज़िलाधीश के रूप में श्री संजय कुमार झा ने पदभार ग्रहण किये हैं .प्रेस से मिलिए कार्यक्रम में उन्होंने अपने आने वाले कार्यों के बारे में बताते हुए कहा के, उनके लिए शिक्षा,स्वास्थ्य एवं ग्रामीण महिलाओं की उन्नति प्राथमिकता रहेगी । उन्होंने कहा के, कोरबा एक इंडस्ट्रियल क्षेत्र हैं , प्रदूषण से यहाँ के लोगों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है, जिससे उनके स्वास्थ्य में काफी असर पर रहा है,इस पर आगामी दिनों वे कोरबा क्षेत्र के सभी इंडस्ट्रियल सेक्टरों के अधिकारीयों की बैठक लेकर कुछ उचित कदम उठाने का प्रयत्न करेंगे, जिससे ज़िले के प्रदूषण से सम्बंधित समस्याओं का निराकरण किया जा सके । शिक्षा पर उन्होंने कहा के, आने वाले दिनों में शिक्षा क्षेत्र को और अधिक मजबूत कैसे किया जाए, इसके लिए वे शिक्षा क्षेत्र के अधिकारियों से चर्चा कर ऐसे उपाए निकलने का प्रयत्न करेंगे, जिससे शिक्षक जो की शिक्षा क्षेत्र के अभिन अंग है, पूरे उत्साह से शिक्षा क्षेत्र को और अधिक मजबूत करने में सहयोग दे सके । उन्होंने कहाँ के वर्तमान समय इनफार्मेशन का है और इनफार्मेशन के मामले में प्रेस , मीडिया से अच्छा कोई और बिकल्प नहीं है । यही एक ऐसा तंत्र है, जिसके माध्यम से लोगों को सही या गलत की जानकारी मिलती है । शासन के योजनाओ को भी जनता तक पहुंचाने में एक अहम भूमिका निभाता है । अतः प्रेस, शासन और जनता के बीच एक मुख्य सूत्रधार के रूप में कार्य करता है, जो शासन के योजनाओ एवं सूचनाओ को जनता तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाता है । प्रेस से मिलिए कार्यक्रम में प्रेस अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव, संरक्षक कमलेश यादव ,सचिव दिनेश राज,समस्त कार्यकारिणी सदस्य द्वारा श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर ज़िलाधीश श्री संजय कुमार झा के स्वागत किया गया,साथ ही कार्यक्रम में समस्त पत्रकार सदस्य मौजूद रहकर उनका स्वागत किया।








CMYK

# कैसीनो और ऑनलाइन गेमिंग पर जीएसटी का मामला,12 को मंत्री समूह की अहम बैठक

**नई दिल्ली, 08 जुलाई 2022।** कैसीनो, ऑनलाइन गेमिंग और घुड़दौड़ पर जीएसटी लगेगी या नहीं, 12 जुलाई को मंत्री समूह इस पर विचार करेगा। इस दिन मंत्रियों के समूह की बैठक होगी, जिसमें इन गतिविधियों पर कर लगाने के तौर-तरीकों को अंतिम रूप दिया जाएगा। बता दें कि जीएसटी परिषद, जिसमें केंद्र और राज्य के वित्त मंत्री शामिल थे, ने इस रिपोर्ट को आगे की चर्चा के लिए मंत्रियों के समूह (जीओएम) को वापस भेज दिया था और अंतिम रिपोर्ट जमा करने के लिए 15 जुलाई की समय सीमा निर्धारित की थी।

फिक्की द्वारा आयोजित जीएसटी पर एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए जीओएम के सदस्य और उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि पैनल की बैठक 12 जुलाई को होगी। बता दें कि त्नश्वरू ने अपनी रिपोर्ट में इस बात की अनुशंसा की थी कि घुड़दौड़, ऑनलाइन गेमिंग या कैसीनो, सभी सट्टेबाजी और जुए का हिस्सा हैं और इसलिए उन पर 28 फीसद की दर से त्नस्ञ्ज लगाया जाना चाहिए।

मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा की अध्यक्षता में मंत्रियों के समूह ने सिफारिश की है कि ऑनलाइन गेमिंग के पूरे मूल्य पर कर लगाया जाना




चाहिए, जिसमें खेल में भाग लेने पर खिलाड़ी द्वारा भुगतान किए जाने वाला प्रवेश शुल्क भी शामिल है। वहीं रेसकोर्स के मामले में, जीओएम ने सुझाव दिया गया है कि लगाए गए दांव के पूरे मूल्य पर जीएसटी लगाया जाना चाहिए और सट्टे में शामिल सट्टेबाजों को भी इसमें शामिल किया जाना चाहिए। कैसीनो के लिए जीओएम ने सिफारिश की थी कि एक खिलाड़ी द्वारा कैसीनो से खरीदे गए चिप्स/सिक्कों के पूर्ण अंकित मूल्य पर कर लगाया जाएगा। जबकि सट्टेबाजी के प्रत्येक दौर में लगाए गए दांव के मूल्य पर कोई जीएसटी लागू नहीं होगा, इसमें पिछले दौर में जीते गए दांव भी शामिल हैं।

जब जीएसटी परिषद पिछले सप्ताह अपनी बैठक में जीओएम की रिपोर्ट पर विचार कर रही थी, तब गोवा के उद्योग मंत्री मौविन गोडिन्हो ने इन चीजों पर कर लगाने से पहले और अधिक जानकारियां इकट्ठी करने की सलाह दी थी। उन्होंने कहा था कि घुड़दौड़ और ऑनलाइन गेमिंग की तुलना में कैसीनो पर टैक्स लगाने के बारे में विस्तार से समझने की आवश्यकता है। उसके बाद परिषद ने इस मामले को फिर से जीओएम के पास भेज दिया और 15 जुलाई तक रिपोर्ट को अंतिम रूप देने को कहा था।

## गेहूं के बाद आटा निर्यात पर सरकार की सख्ती,नई शर्तें लागू

**नई दिल्ली ,08 जुलाई 2022।** देश में आटे की बढ़ती कीमतों और निर्यात की गुणवत्ता को देखते हुए सरकार ने गेहूं के आटे के निर्यात पर सख्ती बढ़ा दी है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) की एक अधिसूचना से यह जानकारी मिली है। इसके मुताबिक गेहूं के आटे का निर्यात मुक्त रहेगा, लेकिन यह अंतर-मंत्रालयी समिति की सिफारिश के अधीन होगा। इसके तहत अब सभी निर्यातकों को शिपमेंट से पहले गेहूं निर्यात पर अंतर-मंत्रालयी समिति से पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य होगा। बता दें कि पहले इस तरह के नियम नहीं थे।

नोटिफिकेशन में लिखा गया है कि गेहूं और गेहूं के आटे में वैश्विक आपूर्ति में व्यवधान ने कई नए प्लेयर्स मार्केट में आ गए हैं। इस वजह से कीमतों में उतार-चढ़ाव और गुणवत्ता से संबंधित मुद्दों पर गौर करने की जरूरत हो गई है। भारत से गेहूं के आटे के निर्यात की गुणवत्ता बनाए रखना जरूरी है। इसके अलावा कीमतों पर भी काबू रखना अनिवार्य है।

## एलन मस्क के टेकओवर से पहले ट्विटर में छंटनी

**न्यूयॉर्क ,08 जुलाई 2022।** दुनिया की सोशल मीडिया दिग्गज कंपनी ट्विटर ने आखिरकार अपने कर्मचारियों की छंटनी शुरू कर दी है। एलन मस्क के ट्विटर को खरीदने के ऐलान के बाद से ही कंपनी के कर्मचारियों का भविष्य अधर में लटक गया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक माइक्रोब्लॉगिंग साइट ने अपने टैलेंट एक्यूजिशन टीम के 30 फीसदी कर्मचारियों की छुट्टी कर दी है। इस टीम में वो लोग शामिल थे, जिनका काम नए कर्मचारियों की भर्ती और नए लोगों को बोर्ड में लाना था। वहीं ट्विटर ने भी इस बात की पुष्टि कर दी है कि कंपनी ने 100 कर्मचारियों को नौकरी से निकाला है।



वॉल स्ट्रीट जर्नल ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि ट्विटर ने टैलेंट एक्यूजिशन टीम के लोगों को नौकरी से निकाला है। 100 के करीब कर्मचारियों ने कंपनी में अपनी नौकरी गंवा दी है। कर्मचारियों की छंटनी ऐसे वक्त में हुई है, जब एलन मस्क ने संभावित छंटनी की ओर इशारा करते हुए कहा था कि ट्विटर को हेल्दी होने की जरूरत है। इससे पहले, ट्विटर ने लागत में कटौती के लिए हायरिंग को रोकने का ऐलान किया था। दरअसल, कंपनी उस समय एलन मस्क के टेकओवर को अंतिम रूप देने के लिए संघर्ष कर रही थी। एलन मस्क का टेकओवर अभी तक पूरी नहीं हुआ है, क्योंकि उन्होंने कई बार प्लेटफॉर्म पर %बोट अकाउंट के मुद्दे को लेकर डील तोडऩे की बात कही है।

एक अन्य रिपोर्ट में वॉल स्ट्रीट ने इस बात की पुष्टि की कि ट्विटर का सौदा गंभीर खतरे में पड़ा हुआ है। माना जा रहा था कि एलन मस्क की टीम की ओर से जल्द ही बदलाव को लेकर बयान जारी किया जाएगा।

## शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव के बीच कायम है निवेशकों का भरोसा

### जून में 15,498 करोड़ रुपये की आमद

**नई दिल्ली, 08 जुलाई 2022।** बाजार में भारी उतार-चढ़ाव और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों द्वारा लगातार बिकवाली के बीच इक्विटी म्यूचुअल फंडों में जून में 15,498 करोड़ रुपये की शुद्ध आमद हुई। इक्विटी म्यूचुअल फंडों ने जून में लगातार 16वें महीने सकारात्मक तेजी देखी। लेकिन मई के मुकाबले इसमें कमी आई है।

### मई के मुकाबले घटी इक्विटी म्युचुअल फंडों की आमद



एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया के आंकड़ों से पता चलता है कि मई में 18,529 करोड़ रुपये के शुद्ध प्रवाह की तुलना में जून में इक्विटी म्यूचुअल फंड में आमद कम थी। पिछले महीने की तुलना में पूंजी की कम आमद की वजह निवेशकों द्वारा को शेयर बाजार की चुनौतियों को देखते हुए बरती जाने वाली सतर्कता को माना जा रहा है।

मार्च 2021 से इक्विटी योजनाओं में शुद्ध इन-फ्लो देखा जा रहा है। इसका मतलब यह है कि बाजार में जारी तमाम उथल-पुथल के बावजूद भी निवेशकों के बीच सकारात्मक माहौल बना हुआ है। बता दें कि इससे पहले जुलाई 2020 से फरवरी 2021 तक इस तरह की योजनाओं में लगातार आठ महीनों तक पैसे की निकासी हुई। इससे 46,791 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। इक्विटी से जुड़ी श्रेणियों में जून में शुद्ध मनी इन-फ्लो प्राप्त हुआ। सबसे अधिक पैसा फ्लेक्सी-कैप फंड को मिला और यह 2,512 करोड़ रुपये के शुद्ध इन-फ्लो के साथ सबसे बड़ी लाभार्थी रही। जबकि मल्टी-कैप फंड में 2,130 करोड़ रुपये का निवेश हुआ। ये निवेश ऐसे समय में आया है जब घरेलू शेयर बाजार भारी दबाव में है।

इसके अलावा विदेशी निवेशकों ने जून में 50,203 करोड़ रुपये के भारतीय शेयरों की बिकवाली की है। यह दो साल में सबसे अधिक था। अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में आक्रामक वृद्धि, घरेलू इक्विटी का हाई वैल्यूएशन और मुद्रास्फीति की ऊंची दर इसके प्रमुख कारण रहे। इससे पता चलता है कि एफपीआई द्वारा लगातार नौवें महीने पैसे की निकासी की गई है।

इक्विटी के अलावा गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) में जून महीने में 135 करोड़ रुपये की शुद्ध आमद हुई। हालांकि कर्जों की बात करें जून में 92,247 करोड़ रुपये का शुद्ध कैश ऑउट-फ्लो देखा गया। कुल मिलाकर, म्यूचुअल फंड उद्योग ने पिछले महीने 69,853 करोड़ रुपये का शुद्ध ऑउट-फ्लो दर्ज किया, जबकि मई में 7,532 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी हुई थी। पूंजी के बाहर जाने से म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री की औसत संपत्ति (एयूएम) जून के अंत में 36.98 लाख करोड़ रुपये रह गई, जो मई के अंत में 37.37 लाख करोड़ रुपये थी।

## जल्द आकाश में दिखेगा 'Akasa',राकेश झुनझुनवाला की एयरलाइन कंपनी को मिला लाइसेंस

**नई दिल्ली 08 जुलाई 2022।** बिग बुल के नाम से मशहूर दिग्गज निवेशक राकेश झुनझुनवाला समर्थित अकासा एयर को लेकर बड़ी खबर आई है। आज विमानन नियामक ष्ठत्रष्ट ने कंपनी को एयरलाइन लाइसेंस मिल गया है। इसके साथ ही अब एयरलाइन विमानों का संचालन शुरू करेगी। एयरलाइन ने एक बयान जारी ये जानकारी दी है कि यह लाइसेंस मिलना हमारे लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो हमें अपनी उड़ानें खोलने और वाणिज्यिक परिचालन शुरू करने की अनुमति देता है। बयान के मुताबिक, एयरलाइन ने ब्रांडिंग के लिए सनराइज ऑरेंज और पैशनेट पर्पल रंगों को चुना है, जो गर्मजोशी और ऊर्जा को प्रदर्शित करते हैं।

अकासा एयर ने अपनी क्रू यूनिफॉर्म का फर्स्ट लुक भी जारी किया है। वहीं, यह पहली भारतीय एयरलाइन है, जिसने कस्टम ट्राउजर और जैकेट पेश किए हैं। अकासा एयर के क्रू मेंबर के लिए जो कपड़े बनाए गए हैं, वे पर्यावरण के अनुकूल हैं क्योंकि यह ड्रेस रिसाइकल्ड पॉलिस्टर फैब्रिक से बनाई गई है।

एयरलाइन ने 21 जून को भारत में अपने पहले बोइंग 737 मैक्स (Boeing 737 Max) विमान की डिलीवरी ली थी। इसके साथ ही अकासा एयर ने घोषणा करते हुए कहा था कि एयरलाइन 72 बोइंग 737 मैक्स जेट के ऑर्डर कर रही है। इन ऑर्डर में दो वैरिएंट 737-8 और 737-8-200 विमान शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, एयरलाइन का पहला रूट घरेलू होगा।




# हार्ट अटैक और कार्डियक अरेस्ट को एक ही समझने की न करें गलती

तमिल सुपरस्टार चियान विक्रम को हार्ट अटैक आने की खबरें शुक्रवार को पूरे दिन छाई रहीं। कुछ मीडिया रिपोर्टस में दावा किया जाता रहा कि विक्रम को हार्ट अटैक के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जबकि कुछ में कहा जा रहा था कि उन्हें कार्डियक अरेस्ट हुआ था। हालांकि इस बारे में शाम 5 बजे अस्पताल की तरफ से जारी बयान में स्पष्ट किया गया कि उन्हें कार्डियक अरेस्ट नहीं हुआ है, बल्कि चेस्ट डिस्कंफर्ट के कारण भर्ती कराया गया। फिलहाल उनकी हालत स्थिर है और जल्द ही उन्हें छुट्टी दे दी जाएगी।

दुनियाभर में तेजी से बढ़ते हृदय रोगों के खतरे के बीच अब भी ज्यादातर लोगों को इसकी अलग-अलग स्थितियों के बारे में सही जानकारी नहीं है। क्या आप भी हार्ट अटैक और कार्डियक अरेस्ट को एक ही मानते आ रहे हैं? आइए समझते हैं कि आखिर ये दोनों स्थितियां कैसे अलग हैं? कैसे पता किया जाए कि किसी को हार्ट अटैक हुआ है या कार्डियक अरेस्ट? इन में से कौन सा सबसे घातक माना जाता है?

क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन की रिपोर्ट से पता चलता है कि हार्ट अटैक, कोरोनरी धमनियों के अवरुद्ध हो जाने के कारण होने वाली समस्या है। यदि इस स्थिति को अनुपचारित छोड़ दिया जाए तो हृदय तक रक्त का प्रवाह रुक जाता और पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं मिल पाता है। यह स्थिति जानलेवा हो सकती है। वहीं कार्डियक अरेस्ट तब होता है जब व्यक्ति का हृदय रक्त को पंप करना ही बंद कर देता है। इस स्थिति में रोगी सामान्य रूप से सांस नहीं ले पाता है। यह दोनों ही स्थितियां जानलेवा मानी जाती हैं।

हार्ट अटैक के बारे में जानिए



धमनियों में रुकावट के कारण, हृदय में रक्त के प्रवाह में आने वाली दिक्कत के कारण हार्ट अटैक या मायोकार्डिया इनफेक्शन की समस्या होती है। धमनियों में वसा, कोलेस्ट्रॉल और अन्य पदार्थों के निर्माण के कारण यह रुकावट हो सकती है। हार्ट अटैक में सीने में दर्द, दबाव-जकड़न जैसा महसूस हो सकता है। दर्द कुछ स्थितियों में कंधे, हाथ, पीठ, गर्दन, जबड़े तक फैल जाता है। हाई ब्लड प्रेशर की समस्या के शिकार लोगों में इसका जोखिम अधिक होता है।

कार्डियक अरेस्ट क्या होता है?

वहीं कार्डियक अरेस्ट की स्थिति में दिल अचानक से धड़कना बंद कर देता है। इस स्थिति में मस्तिष्क और अन्य अंगों में रक्त के प्रवाह में कमी आ जाती है जिसके कारण व्यक्ति बेहोश हो सकता है। कार्डियक अरेस्ट का सामान्य कारण हृदय गति में आने वाली अनियमितता को माना जाता है। हृदय की विद्युत प्रणाली ठीक से काम नहीं कर रही होती है, तब यह समस्या हो सकती है। इस स्थिति में सीने में दर्द, दिल की धड़कन में अनियमितता, सांस लेने में कठिनाई, बेहोशी या चक्कर आने जैसी समस्या हो सकती है।

जानना जरूरी

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, कार्डियक अरेस्ट के ज्यादातर मामले हार्ट अटैक के कारण ही होते हैं। माना जाता है कि जिन लोगों को हार्ट अटैक होता है समय के साथ उनके हृदय गति में अनियमतता आ सकती है। दोनों ही स्थितियां गंभीर और जानलेवा मानी जाती है। समय पर ध्यान ने देने या इलाज न मिल पाने के कारण दोनों ही स्थितियों में जान जाने का खतरा रहता है, इसलिए अपने जोखिम कारकों को समझते हुए हृदय रोगों से बचाव करते रहना आवश्यक है।

## कई राज्यों में विदेशी मक्खी के हमले से हड़कंप,त्वचा संक्रमण से लेकर अंधेपन तक का बन सकती है कारण

**पश्चिम बंगाल, सिक्किम से लेकर बिहार तक, देश के कई राज्यों में एसिड फ्लाई संक्रमितों के मामले बढ़ते हुए रिपोर्ट किए जा रहे हैं। सिक्किम के एक इंजीनियरिंग कॉलेज में सौ से अधिक छात्रों में हाल ही में सामने आए संक्रमण के बाद अब बिहार में भी इससे प्रभावितों के मामले देखे जा रहे हैं। बढ़ते खतरे को देखते हुए लोगों से बचाव के उपाय करते रहने की अपील की जा रही है।**

दार्जिलिंग के जिलाधिकारी ने लोगों से बचाव के उपायों को लेकर अपील करते हुए कहा कि सभी लोग पूरी बाजू के कपड़े पहनें, शाम को बाहर निकलने से बचें और मच्छरदानी का प्रयोग करें। संक्रमण होने पर लोगों को तुरंत इलाज के लिए जाने के सुझाव दिए गए हैं।

जिस मक्खी के कारण इस समस्या के मामले रिपोर्ट किए जाते रहे हैं, वह मुख्यरूप से पूर्वी अफ्रीका के हिस्सों में पाई जाती रही है, इसे %नैरोबी मक्खी% के नाम से जाना जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, यह मानव शरीर पर पेडेरिन नामक एक विषैला और अम्लीय पदार्थ छोड़ती है, जिससे त्वचा में गंभीर संक्रमण हो सकते हैं। पेडेरिन के कारण त्वचा में आग जैसी तेज जलन की समस्या भी हो सकती है। अब तक दक्षिणी सुडान में इसके मामले अधिक देखने को मिलते रहे हैं। आइए नैरोबी संक्रमण के बारे में विस्तार से समझते हैं।





### नैरोबी मक्खियों के कारण होता है संक्रमण

नैरोबी संक्रमण, नैरोबी मक्खियों के कारण होने वाली समस्या है। ये मक्खियां आकार में छोटी, नारंगी और काले रंग की होती हैं। ये मक्खियां तेज प्रकाश और नम क्षेत्रों से आकर्षित होती हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, नैरोबी मक्खियां न तो काटती हैं न ही डंक मारती हैं। इंसानी त्वचा पर बैठने भर से इनमें मौजूद अम्लीय पदार्थ त्वचा पर आ जाता है जिसके कारण जलन और संक्रमण की स्थिति हो सकती है।

### इसके लक्षणों के बारे में जानिए

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के मुताबिक नैरोबी मक्खियों के भीतर सहजीवी बैक्टीरिया मौजूद होते हैं जो पेडेरिन नामक अम्लीय पदार्थ को निर्मित करते हैं। इन कीड़ों द्वारा छोड़ा गया द्रव त्वचा पर असामान्य जलन, सूजन या घाव पैदा कर सकता है। मक्खियों के त्वचा से संपर्क में आने के 24 से 48 घंटे में ही त्वचा पर पीले रंग के तरल पदार्थ से भरे फफोले भी हो जाते हैं। समय रहते संक्रमण का पता लगाकर इसका इलाज कराना आवश्यक होता है। कुछ स्थितियों में यह गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का भी कारण बन सकते हैं।

### जा सकती है आंखों की रोशनी

मेडिकल रिपोर्ट्स से पता चलता है कि यदि इंसान की प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर है और विषाक्त पेडेरिन ज्यादा असर कर रहा है तो इस स्थिति में त्वचा के संक्रमण के साथ बुखार, तंत्रिकाओं की समस्या, जोड़ों में दर्द और उल्टी जैसी दिक्कत भी हो सकती है। यदि विषाक्त पदार्थ व्यक्ति की आंखों के संपर्क में आते हैं, तो यह आंखों में गंभीर संक्रमण और अति गंभीर स्थितियों में अंधेपन का कारण भी बन सकता है। यही कारण है कि सभी लोगों को इस खतरे को लेकर विशेष सावधानी बरतते रहने की सलाह दी जाती है।

### नैरोबी संक्रमण से बचाव कैसे करें?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, नैरोबी संक्रमण के जोखिम और इसकी गंभीरता को ध्यान में रखते हुए सभी लोगों के लिए इससे बचाव के तरीकों के बारे में जानना आवश्यक है। यह मक्खियां तेज रोशनी और नम क्षेत्रों में अधिक पाई जाती हैं, चूंकि इस समय मानसून देश के ज्यादातर हिस्सों में सक्रिय है ऐसे में मध्यम प्रकाश रखें और पूरी आस्तीन के कपड़े पहनें जिससे त्वचा से इनके संपर्क को कम किया जा सके। आंखों को अनावश्यक रूप से छूने से बचें। मक्खियों के संपर्क में आने के कुछ ही देर में इसके लक्षण दिखाई देने लगते हैं, इसे ध्यान में रखते हुए तुरंत डॉक्टर से सलाह लें। त्वचा में खुजली, चकत्ते या दाने हों तो तुरंत डॉक्टर से मिलें। घबराएं नहीं, समय पर इलाज मिलने से स्थिति की गंभीरता को कम किया जा सकता है।

## चिकन को मशरूम के साथ मिलाकर बनाएं,स्वाद मिलेगा लाजवाब

इस वीकेंड अगर आप बाहर का खाना खाने के मूड में हैं। तो इस रेसिपी को जरूर ट्राई करें। रेस्टोरेंट का खाना भी भूल जाएंगे। चिकन पसंद करने वाले कई तरह की नई डिश ट्राई करते हैं। ऐसे में मशरूम चिकन की ये डिश जरूर पसंद आएगी। चिकन और मशरूम पर की गई मसालों की कोटिंग इसके स्वाद को बढ़ा देती है। तो चलिए जानें क्या है मशरूम चिकन मसाला की रेसिपी।



### चिकन मशरूम मसाला को बनाने के लिए सामग्री

चिकन 500 सौ ग्राम, मशरूम 250 सौ ग्राम, तेजपत्ता, इलायची, कालीमिर्च, दालचीनी, धनिया पाउडर एक चम्मच, जीरा पाउडर एक चम्मच, अदरक-लहसुन का पेस्ट एक चम्मच, हल्दी आधा चम्मच, लाल मिर्च पाउडर एक चम्मच, प्याज दो कटा हुआ, टमाटर दो पेस्ट बना, हरी मिर्च, नमक स्वादानुसार, तेल पकाने के लिए।



### चिकन मशरूम मसाला बनाने की विधि

सबसे पहले चिकन को धोकर पकाने के लिए तैयार कर लें। साथ ही मशरूम को भी धोकर डंठल हटा दें। अब पैन में तेल गर्म करें और चिकन को तेल में डालकर फ्राई करें। किसी दूसरे पैन में तेल गर्म करें। उसमे अदरक लहसुन का पेस्ट डालें। हल्का सा कच्चापन दूर हो जाने के बाद टमाटर की प्यूरी या पेस्ट को डालकर भूनें। जब टमाटर पक जाए तो इसमे सारे गरम मसाले तेजपत्ता. दालचीनी, लौंग, काली मिर्च डालें। साथ में हल्दी पाउडर, लाल मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर और जीरा पाउडर भी डाल दें।

अच्छे से इन सारे मसालों को भून लें। जब ये तेल छोड़ने लगे तो इसमे मशरूम डालकर कुछ देर भूनें। जब मशरूम पकने लगे तो नमक डाल दें। साथ ही फ्राई किए हुए चिकन को भी डाल दें। पानी डालने के बाद करीब 20 मिनट तक ढंककर पकाएं। जब ये पक जाएं और सारे मसाले एक सार हो जाए तो गैस बंद कर दें। बस तैयार है स्वादिष्ट मसालेदार चिकन मशरूम मसाला। इसे गर्मागर्म सर्व करें।

# गोलीबारी में घायल जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की हुई मौत, मेडिकल कॉलेज में प्रोफेसर है आबे पर गोलियां बरसाने वाला शख्स

**टोकियो , 08 जुलाई 2022।** जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे का निधन हो गया है। उन्हें पश्चिमी जापान में एक चुनावी कार्यक्रम में भाषण के दौरान गोली मारी गई थी। गोली लगने के बाद आबे को दिल का दौरा पड़ा और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। घटना का एक फुटेज वायरल हुआ है, जिसमें आबे को सड़क पर गिरते हुए देखा जा सकता है और कई सुरक्षाकर्मी उनकी ओर भागते हुए देखे जा सकते हैं।

आबे जब जमीन पर गिरे तो उन्होंने अपने सीने पर हाथ रखा हुआ था और उनकी कमीज पर खून लगा हुआ देखा गया। आबे को एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पुलिस ने एक संदिग्ध को घटनास्थल पर ही पकड़ लिया है। प्रत्यक्षदर्शियों ने नारा इलाके में गोलियां चलने की आवाज सुनी थीं। आबे संसद के ऊपरी सदन के लिए रविवार को होने वाले मतदान के मद्देनजर एक चुनावी कार्यक्रम में भाषण देने के लिए खड़े हुए थे, तभी कथित तौर पर उन पर यह हमला किया गया।







## पुलिस ने हमलावर को पकड़ा

जानकारी के मुताबिक, जिस संदिग्ध ने जापान के पूर्व पीएम शिंजो आबे को गोली मारी, उसने उन्हें दो बार बन्दूक से गोली मारी और आबे के जमीन पर गिरने के बाद भी वह वहीं खड़ा रहा। आरोपी ने भागने का कोई प्रयास नहीं किया। शिंजो आबे पर नारा की एक सड़क पर भाषण देने के दौरान पीछे से एक शख्स ने हमला किया। पुलिस ने शिंजो आबे पर हमला करने वाले व्यक्ति को पकड़ लिया है।

कहा जा रहा है कि संदिग्ध हमलावर मेरीटाइम सेल्फ डिफेंस फोर्स में काम कर चुका है। उसका नाम यामागामी तस्तुया बताया जा रहा है। हमलावर एक मेडिकल कॉलेज में एसोसिएट प्रोफेसर है। हमले के दौरान हमलावर ने खाकी रंग की शर्ट और भूरे रंग का पैंट पहन रखा था।

### शिंजो आबे की नीतियों से नाराज था हमलावर

स्थानीय मीडिया में कहा जा रहा है कि 41 साल के हमलावर यामागामी ने घर पर ही बंदूक तैयार की। उसने होम मेड गन से पूर्व पीएम शिंजो आबे पर फायरिंग की है। हमले के तुरंत बाद हमलावर को गिरफ्तार कर लिया गया. गिरफ्तारी के वक्त हमलावर मे हाथ में बंदूक पकड़ रखी थी. हमले के वक्त हमलावर ने मास्क लगा रखा था।

हमले के बाद पकड़े गए आरोपी यामागामी ने पूछताछ में बताया कि वह शिंजो आबे से बेहद नाराज था. वह उनके कामकाज से संतुष्ट नहीं था। आबे की नीतियों से दुखी था।

### जापान के पीएम फुमियो किशिदा का आदेश

# बढ़ाई जाए कैबिनेट मंत्रियों और नेताओं की सुरक्षा

**दुबई, 08 जुलाई 2022।** जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने पश्चिमी जापान के नारा शहर में एक चुनाव प्रचार के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की हत्या के बाद शुक्रवार को कैबिनेट मंत्रियों और अन्य नेताओं की सुरक्षा बढ़ाने का आदेश दिया है। अपने कैबिनेट मंत्रियों के साथ देश भर में अभियान पर निकले पीएम किशिदा इस घटना के बाद जल्दबाजी में टोक्यो लौट आए। उन्होंने हमले को कायरतापूर्ण और बर्बर बताया।



प्रधानमंत्री किशिदा ने शुक्रवार दोपहर करीब 20 मिनट तक राष्ट्रीय जन सुरक्षा आयोग के अध्यक्ष निनोयू सातोशी, न्याय मंत्री फुरुकावा योशीहिसा और अन्य लोगों के साथ हमले की प्रतिक्रिया पर चर्चा करने के बाद अधिकारियों से कहा कि वे कभी भी हिंसा और आतंकवाद के आगे न झुकें।

### जापान में बंदूक हिंसा अत्यंत दुर्लभ

क्योडो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने रविवार को होने वाले उच्च सदन चुनाव से पहले कैबिनेट मंत्रियों और अन्य नेताओं की सुरक्षा कड़ी करने का निर्देश दिया, क्योंकि चुनाव लोकतंत्र की नींव हैं। निनोयू ने राष्ट्रीय पुलिस एजेंसी के प्रमुख नाकामुरा इटारू को कैबिनेट मंत्रियों और देश के अन्य शीर्ष राजनेताओं को पूरी तरह से सुरक्षा प्रदान करने का निर्देश दिया। जापान में बंदूक हिंसा अत्यंत दुर्लभ है और दुनिया में कहीं भी सबसे सख्त बंदूक नियंत्रण उपाय लागू हैं। जापान के एनएचके सार्वजनिक टेलीविजन के अनुसार, आबे को सर्वोच्च सुरक्षा प्रदान की गई थी।

### भाषण के दौरान मारी शिंजो आबे को गोली

द जापान टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार पूर्व पीएम शिंजो आबे स्थानीय समयानुसार शुक्रवार सुबह 11ः30 बजे नारा शहर में काउंसलर चुनाव के लिए भाषण दे रहे थे। यह रैली नारा शहर के यमातोसैदाईजी स्टेशन के पास आयोजित की गई थी। पुलिस के मुताबिक दो गोली चली है। इसमें कुछ और लोग घायल बताए जा रहे हैं। पूर्व पीएम शिंजो आबे को पीठ में गोली लगी। अस्पताल में तीन घंटे तक उनका इलाज चला, लेकिन उनकी जान नहीं बच पाई।

### कौन है हमलावर?

द जापान टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, शिंजो आबे को गोली मारने वाले संदिग्ध आरोपी का नाम तेत्सुया यामागामी है। उसकी उम्र 41 साल है। वह नारा शहर का ही रहने वाला है। पुलिस अभी उससे पूछताछ कर रही है। बताया जाता है कि वह जापान के नेवी का पूर्व सैनिक रहा है। 2005 में वह रिटायर हो गया था।

जापानी मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, आरोपी ने पूछताछ में हत्या का प्रयास करने की बात कबूली है। उसने बताया है कि वह आबे से %असंतुष्ट% था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, शिंजो आबे को गोली मारने वाला शख्स पत्रकार बनकर कार्यक्रम में पहुंचा था। वह साथ में हैंडगन रखा हुआ था। हमलावर ने बंदूक को कैमरा की तरह लेकर आया था।

# रूस ने दोनेस्क-खारकीव पर दागीं लंबी दूरी की मिसाइलें, 12 मरे, रॉकेट सिस्टम और डिपो नष्ट

**कीव/मॉस्को, 08 जुलाई 2022।** रूस-यूक्रेन युद्ध के 134वें दिन रूसी सेना ने खारकीव शहर पर लंबी दूरी की गोलाबारी तेज कर दी है। उधर यूक्रेन में विद्रोहियों के दावे वाले प्रांत दोनेस्क में पिछले 24 घंटे से जारी गोलाबारी के कारण 8 लोग मारे गए जबकि 25 अन्य घायल हो गए हैं। दूसरी तरफ, रूस समर्थक अलगाववादियों ने कहा कि यूक्रेनी सेना के हमले में उनके चार नागरिक भी मारे गए हैं। खारकीव में रूसी सेना बहुत तेजी से प्रहार कर रही है।



यहां से यूक्रेनी सैनिकों ने युद्ध के शुरुआती चरण में मॉस्को के बख्तरबंद बलों को पीछे धकेल दिया था। माना जा रहा है कि रूसी सैनिक आगामी सप्ताहों में दोनेस्क के क्रामातोर्स्क शहर पर कब्जा कर सकते हैं। पिछले कुछ दिनों में शहर से अधिकांश नागरिक बाहर आ गए हैं। उधर, रूसी रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि उसने दो अमेरिका निर्मित उन्नत रॉकेट सिस्टम और दोनेस्क में उनके गोला-बारूद का डिपो नष्ट कर दिया है। हालांकि यूक्रेन ने इससे इनकार किया है।

### यूरोप में बढ़ी मुसीबतः

# नॉर्वे में हड़ताल से गैस पाना हुआ और मुश्किल

**ओस्लो , 08 जुलाई 2022।** नॉर्वे में तेल और गैस कर्मियों की हड़ताल ने यूरोप में एक नई मुश्किल खड़ी कर दी है। नॉर्वे यूरोप में तेल और गैस का एक प्रमुख उत्पादक देश है। मंगलवार को वहां वेतन विवाद को लेकर तेल और गैस कंपनियों के कर्मचारी हड़ताल पर चले गए। उन्होंने अगले हफ्ते अपना आंदोलन और तेज करने की चेतावनी दी है। इस हड़ताल के कारण उत्तरी सागर में मौजूद तीन तेल और गैस उत्पादन स्थलों पर काम ठहर गया है।

यूरोप में रूस के बाद नॉर्वे ऊर्जा का दूसरा सबसे बड़ा सप्लायर है। कर्मचारियों की हड़ताल की खबर आते ही पूरे यूरोप में तेल और गैस की कीमत उछल कर चार महीनों के सबसे ऊपरी स्तर पर पहुंच गई। उसके बाद नॉर्वे सरकार ने कहा कि वह हड़ताल जल्द खत्म कराने के उपाय कर रही है। उसने एक वेतन ट्रिब्यूनल के गठन का प्रस्ताव किया है, ताकि विवाद हल हो सके।




नॉर्वे की श्रम मंत्री मार्ते मियोस पर्सेन ने कहा है कि नॉर्वे सरकार आम तौर पर कंपनियों और कर्मचारियों के विवाद में दखल नहीं देती। लेकिन इस मामले में उसने तुरंत कंपनी अधिकारियों और श्रमिक प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की। नॉर्वे की तेल और गैस कंपनियों के मुताबिक हड़ताल के कारण वहां से यूरोप को गैस के होने वाले निर्यात में नौ जुलाई से 60 फीसदी तक की कमी आ जाएगी। रूसी गैस की सप्लाई घटने से यूरोप को पहले से ही गैस की रिकॉर्ड महंगाई का सामना करना पड़ रहा था। अब उसके सामने एक नई मुसीबत खड़ी हो गई है।


### रूस दे रहा केवल 40 फीसदी गैस यूरोप को

संकट इतना गहरा है कि जर्मन सरकार ने देशवासियों से इस साल सर्दियों में गैस की राशनिंग के लिए तैयार रहने को कहा है। रूस ने तीन हफ्ते पहले नॉर्ड स्ट्रीम-1 पाइपलाइन से गैस की सप्लाई में भारी कटौती कर दी थी। इस समय इस पाइपलाइन की क्षमता की तुलना में 40 फीसदी गैस ही रूस यूरोप को दे रहा है। रूस ने ये कदम यूरोपीय कंपनियों के गैस की कीमत का भुगतान रूसी मुद्रा रुबल में करने से इनकार करने के बाद उठाया। उसने कहा है कि अगर ये कंपनियां रुबल में भुगतान करने को तैयार नहीं हुईं, तो अगले दस दिन में वह गैस की सप्लाई पूरी तरह रोक देगा।

# जॉर्ज फ्लॉयड की हत्या मामले में पूर्व अमेरिकी पुलिस अधिकारी डेरेक को 21 साल की सजा

**वाशिंगटन, 08 जुलाई 2022।** अमेरिका में जॉर्ज फ्लॉयड की हत्या के दोषी पूर्व अमेरिकी पुलिस अधिकारी डेरेक चाउविन को गुरुवार को अमेरिकी अदालत ने 21 साल की जेल की सजा सुनाई। बता दें कि चाउविन ने जॉर्ज फ्लॉयड (46) नाम के अश्वेत युवक की गर्दन अपने घुटने से 9 मिनट 29 सेकंड तक दबाकर उसे मार डाला था। जिसके कारण अमेरिका और अन्य जगहों पर पुलिस की बर्बरता और नस्लवाद के खिलाफ देशव्यापी विरोध प्रदर्शन हुए। इसके बाद अमेरिकी सरकार ने न्यायिक जांच बैठाई थी। जिसमें आरोपी डेरेक चाउविन का गिरफ्तार किया था।

चाउविन को दिसंबर में संघीय आरोपों के लिए दोषी ठहराया था और यह पहले से ही पिछले साल राज्य की अदालत में एक मुकदमे के बाद फ्लॉयड की हत्या के लिए मिनेसोटा जेल में 22 साल की सजा काट रहा है। यह सजा एक साथ चलेगी और चाउविन को संघीय जेल में ले जाया जाएगा।



### क्या हुआ था जॉर्ज के साथ

आरोप पत्र में वायरल वीडियो के हवाले से कहा गया है कि घटना वाले दिन जॉर्ज फ्लॉयड को हिरासत में लेते वक्त क्या कुछ हुआ था। आरोप है कि घटना के दौरान चाउविन ने फ्लॉयड की गर्दन पर अपना घुटना रखा था। लेन ने पैर पकड़ रखे थे और कुएंग ने फ्लॉयड की पीठ पकड़कर दबोचा हुआ था। जबकि थाओ वहां मौजूद तमाशबीनों और इन पुलिस अधिकारियों के बीच खड़ा होकर यह सब देख रहा था।

आरोप पत्र में घटना की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा गया है कि यही वो आखिरी पल थे जब फ्लॉयड ने बार-बार रोते हुए कहा कि मैं सांस नहीं ले पा रहा हूं, मामा और प्लीज। वह एक बार कहता है कि मैं मरने वाला हूं। इस दौरान चाउविन, लेन और कुएंग एक बार भी टस से मस नहीं होते हैं।

इसके क्षण भर बाद लेन पूछता है- क्या हमें उसे अपनी तरफ घुमाना चाहिए? तब चाउविन जवाब देता है- नहीं, हमने उसे जहां रखा है, वहीं रखना है। लेन ने कहा कि वह चिंतित था कि फ्लॉयड इस दौरान कष्टप्रद स्थिति में रहेगा, यह स्थिति उसे उद्वेलित करने, आक्रामक बनाने वाली या फिर उसकी अचानक मौत का कारण बन सकती है।

### औद्योगिक जासूसी का आरोप

# चीन के खिलाफ अमेरिका-ब्रिटेन की खुफिया लामबंदी के मकसद पर कयास

**लंदन, 08 जुलाई 2022।** चीन के खिलाफ अमेरिका और ब्रिटेन की खुफिया एजेंसी की लामबंदी ने दुनिया में बन रहे शीत युद्ध जैसे माहौल को और गरमा दिया है। एक असाधारण कदम उठाते हुए अमेरिकी और ब्रिटिश खुफिया एजेंसियों के अधिकारियों ने एक मंच पर आकर चीन पर औद्योगिक जासूसी करने के इल्जाम लगाए। बुधवार को उन्होंने पश्चिमी कंपनियों को इस बारे में आगाह किया। लंदन में दुनिया के भर प्रमुख कारोबारियों की बैठक को संबोधित करते हुए अमेरिकी खुफिया एजेंसी एफबीआई के निदेशक क्रिस्टोफर रे ने कहा- 'जब आप किसी चीनी कंपनी से कारोबार करते हैं, तो आपको इस बात से वाकिफ होना चाहिए कि आप चीन सरकार से डील कर रहे हैं। चीन की सेना भी उनकी खामोश सहभागी होती है।'

इस बैठक को ब्रिटिश खुफिया एजेंसी एमआई-5 के महानिदेशक केन मैक्लम ने भी संबोधित किया। उन्होंने व्यापारियों से कहा- 'चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के आक्रमण से सबसे ज्यादा जोखिम मेरे लिए नहीं, बल्कि आपके लिए है।' व्रेय ने कहा- चीन सरकार से पश्चिम के कारोबारियों को उससे कहीं ज्यादा खतरा है, जितना आम तौर पढ़े-लिखे लोग समझ पाते हैं। उन्होंने व्यापारियो से इस बारे में दीर्घकालिक नजरिया अपनाने की अपील की।



पश्चिमी कंपनियां कमा रहीं मुनाफा

इन टिप्पणियों को अमेरिका और ब्रिटेन की तरफ से उद्योगपतियों और व्यापारियों को आगाह करने की एक विशेष पहल के रूप में देखा गया है। हाल के वर्षों में अमेरिका, ब्रिटेन, और यूरोपीय देशों ने चीन पर कई तरह के व्यापार प्रतिबंध लगाए हैं। इसके बावजूद पश्चिमी कंपनियों ने चीन में अपना कारोबार जारी रखा है। समझा जाता है कि ऐसा उन्होंने मुनाफे को ध्यान में रख कर किया है। अब ब्रिटेन और अमेरिका ने उन्हें यह बताने की कोशिश की है कि तात्कालिक मुनाफा उनके लिए दीर्घकालिक नुकसान का सौदा साबित हो सकता है।

अमेरिका कई वर्षों से चीन पर बौद्धिक संपदा और तकनीक चुराने के आरोप लगा रहा है। यही आरोप लगाते हुए पूर्व डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने चीन से कारोबार पर प्रतिबंध लगाने की नीति अपनाई थी। जो बाइडन प्रशासन ने भी उन नीतियों को जारी रखा है। खास कर उन कंपनियों से कारोबार पर रोक लगाई गई है, जिनका संबंध चीनी सेना-पीपुल्स लिबरेशन आर्मी से समझा जाता है।

### अमेरिका में बढ़े चीनी उत्पाद

लेकिन अमेरिकी सरकार अपनी कंपनियों को चीन में कारोबार बंद करने के लिए राजी नहीं कर पाई है। बल्कि बीते तीन वर्षों में अमेरिका में चीनी उत्पादों का आयात बढ़ा है। अमेरिका में बढ़ी महंगाई के बीच कई उद्योग समूहों ने बाइडेन प्रशासन से मांग की है कि चीनी उत्पादों पर लगाए गए अतिरिक्त शुल्क को वह हटा ले। इस बीच बाइडन प्रशासन ने चीन के प्रांत शिनजियांग से होने वाले आयात को रोकने के लिए नया कानून लागू किया है।

# आर्थिक संकट में पाकिस्तानःचीन को खुश करने के लिए बिछ गए हैं शहबाज शरीफ

**इस्लामाबाद , 08 जुलाई 2022।** गहराते आर्थिक संकट के बीच एक बार फिर पाकिस्तान की उम्मीदें चीन पर ही टिकी हैं। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने चीन-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर (सीपीईसी) के तहत बन रही परियोजनाओं के रास्ते में आई अड़चनों को दूर करने में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। जानकारों के मुताबिक इसके पीछे उनका मकसद चीन को खुश करना है।

बीते जून में शरीफ ने दो बार ग्वादर का दौरा किया। ग्वादर सीपीईसी के तहत एक प्रमुख स्थल है। पर्यवेक्षकों के मुताबिक इसके पहले आम तौर पर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री साल में एक या दो बार ग्वादर का दौरा करते थे। लेकिन शरीफ एक महीने के अंदर वहां दो बार गए। उनके साथ उनकी सरकार में योजना मंत्री और उनके अन्य प्रमुख सहयोगियों ने भी ग्वादर का दौरा किया।

### ग्वादर में बन रहा नया अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा

पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में ग्वादर की नुमाइंदगी करने वाले सांसद असलम भूटानी ने बताया है- 'कुछ दिन के अंदर ही प्रधानमंत्री के कहीं जाने का लाभ यह होता है कि अफसर और निवेशक भी उस जगह को महत्त्व देने लगते हैं।' भूटानी ने वेबसाइट निक्कईएशिया.कॉम को बताया कि शरीफ ने अपने बिजली मंत्री को ईरान भेजा, ताकि वहां से ग्वादर के लिए 100 मेगावाट अतिरिक्त बिजली का इंतजाम किया जा सके। मई में ग्वादर में बिजली संकट पैदा हो गया था, जिस कारण वहां चली परियोजनाओं में बाधा पड़ी थी।




ग्वादर में सीपीईसी के तहत एक नया अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बन रहा है। यह पाकिस्तान का सबसे बड़ा हवाई अड्डा होगा। इसे समय पर तैयार करने के लिए पाकिस्तान सरकार ने विशेष योजना बनाई है। तय लक्ष्य के मुताबिक सितंबर 2023 में ये हवाई अड्डा चालू हो जाएगा।

इस्लामाबाद स्थित थिंक टैंक- इंस्टीट्यूट ऑफ स्ट्रेटेजिक स्टडीज में रिसर्च एसोसिएट तैमूर फहद खान के मुताबिक पूर्व पीटीआई (पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ) सरकार के कार्यकाल में सत्ताधारी पार्टी के कई नेताओं ने सीपीईसी से जुड़ी कई परियोजनाओं के बारे में दोबारा बातचीत करने की मांग उठाई थी। उससे चीन को नाराजगी हुई। खान ने कहा- 'अब शहबाज शरीफ स्थिति सुधारने की कोशिश कर रहे हैं। वे सीपीईसी को समस्या मुक्त करने का प्रयास कर रहे हैं। इसकी वजह यह है कि चीन पाकिस्तान का सबसे महत्त्वपूर्ण रणनीतिक सहयोगी है, जिसने हर कठिन वक्त में पाकिस्तान की मदद की है।'

पाकिस्तान इस समय गहरे आर्थिक संकट में है। खास कर विदेशी मुद्रा भंडार के घटने से जरूरी चीजों का आयात मुश्किल होता जा रहा है। बीते सवा महीने में पेट्रोल के दाम सौ रुपये से भी ज्यादा बढ़े हैं। उधर बिजली संकट के कारण घंटों तक लोडशेडिंग आम बात हो गई है। जून में मुद्रास्फीति दर 21.3 प्रतिशत रही।

### जून में चीनी बैंकों ने पाकिस्तान को दी विदेशी मुद्रा

तैमूर फहद खान ने कहा- 'शरीफ को मालूम है कि पाकिस्तान का आर्थिक भविष्य अनिश्चित हो गया है। इसलिए वे हर वक्त पर काम आए दोस्त चीन से संबंध सुधारने की कोशिश कर रहे हैं। चीन ने अतीत में राजनीतिक अस्थिरता और सुरक्षा संबंधी समस्याओं के बावजूद पाकिस्तान में भारी निवेश किया है। पाकिस्तान की सेना भी चीन पर बेहद निर्भर है।'

# जेल से बचने के लिए महिला ने कोर्ट में सौंपे कैंसर होने के फर्जी दस्तावेज, भुगतनी पड़ेगी तीन गुनी ज्यादा सजा

**सान डिएगो, 08 जुलाई 2022।** अमेरिका के कैलिफोर्निया की 38 वर्षीय एक महिला ने खुद को जेल जाने से बचाने के लिए कोर्ट में कैंसर पीड़ित होने के फर्जी दस्तावेज सौंपे। महिला ने जिन दस्तावेजों का इस्तेमाल किया, वह सभी कोर्ट में फर्जी साबित हुए जिसके चलते महिला को एक की बजाय तीन साल जेल की सजा भुगतनी होगी।



महिला की तरफ से न्यायाधीश को सौंपे एक नोट में कहा गया था कि आरोपी के गर्भाशय में कैंसर का पता चला है। इसके बाद न्यायाधीश को बताया कि आरोपी की सर्जरी चल रही है और उसका कैंसर फैल गया है। तीसरे पत्र में कहा कि उसकी नाजुक स्थिति के कारण उसे उन हालात में नहीं रखा जा सकता जहां वह कोरोना संक्रमित हो सकती है।

एफबीआई के अधिकारियों का कहना है कि कैंसर होने की बात और उससे संबंधित पत्र सब कुछ फर्जी हैं और आरोपी महिला एश्ली लिन शावेज को अब तीन गुना अधिक समय के लिए जेल में रहना होगा। अदालत ने पहले उसे एक साल जेल की सजा सुनाई थी जिसे बढ़ाकर तीन साल कर दिया गया है। शावेज ने अपने पूर्व नियोक्ता से 1.60 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक पैसे की हेराफेरी की और इस मामले में साल 2019 में दोषी होने की याचिका दायर की।

# जिस स्टेनो की वजह से आते ही पुलिस अधीक्षक की हुई थी किरकिरी वही स्टेनो पुलिस अधीक्षक को विदाई देते दिखे

» यह बात अलग है की विदाई के दौरान स्टेनो के चेहरे पर खुशी नहीं दिखी।

» पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल सिंह ठाकुर कभी नहीं भूलेंगे स्टेनो का नाम।

» स्टेनो सदा शुक्रगुजार रहेंगे पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर के दरियादिली के जिनके वजह से आज वह बचे हुए हैं।



-रवि सिंह-
**बैकुण्ठपुर 08 जुलाई 2022(घटती-घटना)।** पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल सिंह ठाकुर कभी भी कोरिया जिले व अपने कार्यालय के स्टेनो को नहीं भूलेंगे वही स्टेनो जिनकी वजह से पुलिस अधीक्षक कोरिया बनते ही उन्हें एक बड़ी किरकिरी से गुजरना पड़ा था, वह तो पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल सिंह ठाकुर थे जिनका लंबा अनुभव व दरियादिली थी कि स्टेनो बच निकले, यदि और कोई पुलिस अधीक्षक होता तो स्टेनो पर कार्यवाही तय थी, पुलिस भले ही कुछ वायरल चैट को फर्जी मान कर बैठी है यह हो सकता है कि चैट फर्जी हो पर इस चैट ने पुलिस विभाग की किरकिरी खूब कराई, उस चैट मामले के बाद स्टेनो को भी कार्यालय से दूर कर दिया गया था ट्रेनिंग के नाम पर ताकि मामले को शांत होने तक उन्हें इस मामले से दूर किया जा सके उन्हें बचाया जा सके, पुलिस अपने कर्मचारी को बचाने के लिए तमाम प्रयास की पर आज भी उस चैट के वास्तविकता से पर्दा नहीं हटा है आज भी लोगों को उस चैट की जांच व वास्तविकता जानने का इंतजार है।

### कोरिया पुलिस अधीक्षक के स्टेनो को प्रमोशन तो चाहिए पर स्थानांतरण नहीं

कोरिया जिले में पदस्थ पुलिस अधीक्षक के स्टेनो को प्रमोशन तो चाहिए लेकिन उन्हें तबादला नहीं चाहिए,वर्षो से वह जिले में ही पदस्थ हैं और यह सभी कुछ उनकी विभागीय एवम राजनीतिक पकड़ के कारण हो पा रहा है। गृह जिले में कार्य करने की वजह से वह अपने ऊपर होने वाली कार्यवाहियों पर राजनीतिक दबाव डलवा पाने में सफल हो जाते हैं और तबादले से भी बच जाते हैं।

### पुलिस अधीक्षक के स्टेनो से विभाग के कई कर्मचारी परेशान

पुलिस विभाग के स्टेनो से जिले के कई पुलिसकर्मी परेशान हैं बताया जाता है कि वह सभी को व्यक्तिगत रूप से जानने की वजह से और खासकर जिले के अंदर सिपाहियों को जानने की वजह से उनके भीतर भेदभाव रखते हैं और वह कार्यालय में बैठकर यह तय करवा लेते हैं कि कौन कहां रहेगा।

### वायरल चैट मामले में भी स्टेनो का आया था नाम

पुलिस अधीक्षक कोरिया के स्टेनो का एक वाट्सएप समूह में वायरल चैट को लेकर भी नाम सामने आया था और जिसमें उनपर एक तरह से आरोप लगा था, लेकिन अपनी विभाग में पकड़ और गृह जिले में पदस्थापना साथ ही गृह जिले के राजनीतिक लोगों से पकड़ की वजह से वह पूरे मामले से खुद को बचा ले गए हैं और फिलहाल मामले में दूसरों पर आरोप लगाकर खुद को पाकसाफ साबित करने में भी सफल हो चुके हैं। पूरे मामले में स्टेनो सहित एक थाना प्रभारी का नाम सामने आया था और दोनों को ही छोड़कर अन्य को फंसाने इन्होंने पूरी व्यूह रचना तैयार की थी और उस व्यूह रचना में भी वह असफल हो गए थे।

## एसईसीएल कर्मी की पत्नी और बेटी की निर्मम हत्या की गुत्थी सुलझी

-नगर संवाददाता-
**कोरबा, 08 जुलाई 2022(घटती-घटना)।** घटना कुसमुंडा आदर्श नगर की है, जहाँ एक एसईसीएल कर्मी की पत्नी और उसकी बेटी की निर्मम हत्या कर दी गई हत्या के बाद दोनों के शव को बाथरूम में डाल दिया गया घटना किस कारण हुआ इसका अभी तक पता नहीं चल सका है घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच जांच में जुट गई एसईसीएल कुसमुंडा में पदस्थ आर के दास की पत्नी व बेटी की रक्तरंजित लाश बाथरूम में मिली है घटना के बाद कुसमुंडा पुलिस और फॉरेंसिक की टीम घटनास्थल पर पहुंच जांच में जुट गई पुलिस द्वारा जांच करने के दौरान 19 वर्षीय बेटा ही माँ और बहन का कातिल निकला. एक बार फिर स्क्वाड डॉग बाघा ने कातिल को खोज निकलने में मदद की पुलिस ने बताया के यह हत्या नसे के हालत में की गयी पुलिस ने मामला को सुलझाते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया है ।



स्वच्छता अभियान को मुंह चिढ़ाती भेंट मुलाकात कार्यक्रम के बाद की तस्वीरें

## प्रशासन और जनप्रतिनिधि स्वच्छता को लेकर मौन



-रवि सिंह-
**बैकुण्ठपुर 08 जुलाई 2022(घटती-घटना)।** खबर ग्राम पंचायत पटना के मिनी स्टेडियम की है जहां विगत दिनों प्रदेश के मुख्यमंत्री का भेंट मुलाकात का कार्यक्रम आयोजित हुआ था। कार्यक्रम के आयोजन को लेकर पूरा प्रशासनिक अमला छोटी-बड़ी सभी बातों को लेकर पूरी तरह मुस्तैद था। कार्यक्रम के दौरान कहीं किसी बात की कमी, कोई कसर न रह जाए, इसके लिए पूरा जिला प्रशासन, छोटे से लेकर बड़े सभी अधिकारी बेहद बारीकी से कार्यक्रम के आयोजन की मानिटरिंग करते रहे। कार्यक्रम के पश्चात सफल आयोजन को लेकर जिले के कलेक्टर ने सभी विभागों को बधाइयां भी दिये। परंतु क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, क्षेत्रीय अधिकारी, कर्मचारियों से लेकर जिले के शीर्ष अधिकारी, कर्मचारियों को कार्यक्रम स्थल की सफाई का बिल्कुल ध्यान नहीं रहा। कार्यक्रम के पश्चात मिनी स्टेडियम स्थल अपनी दुर्दशा को रो रहा है। चारों ओर प्लास्टिक के कचरे और कूड़ा करकट ही नजर आ रहा है। एक तरफ जहां प्रदेश सहित पूरे देश में स्वच्छता को लेकर विशेष जागरूकता फैलाई गई है, इसे एक अभियान की तरह लिया गया, वहीं ऐसी दिखाई दी जाने वाली तस्वीरें पूरे अभियान को मुंह चिढ़ाती नजर आती हैं। कर्तव्य अनुसार होना यह था कि कार्यक्रम समाप्ति के बाद 1-2 दिनों के भीतर कार्यक्रम स्थल की सफाई कराई जानी थी, परंतु अभी तक इस ओर ना तो जिले के अधिकारी कर्मचारियों का ध्यान गया है, और ना ही क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों का। जबकि यही जनप्रतिनिधि और अधिकारी कार्यक्रम के पूर्व पूरे जोशो खरोश के साथ विभिन्न स्थलों पर अपने एवं अपने विभागों के बैनर पोस्टर और तस्वीरें लगाने को बेहद आतुर और सजग थे। काश कि आयोजन के पूर्व जो मुस्तैदी दिखाई दी, आयोजन के बाद भी दिखाई देती।

## आरक्षक ने जरूरत मंद को रक्त दान कर दिया सेवा भावना का परिचय




-नगर संवाददाता-
**सूरजपुर, 08 जुलाई 2022(घटती-घटना)।** गुरूवार को जिला पुलिस कार्यालय में पदस्थ आरक्षक पंकज सिंह आर्मो जिला चिकित्सालय में भर्ती अपने भतीजी को देखने गए थे इसी दौरान उसे सूचना मिला कि सिकलिन बीमारी से पीड़ित 7 वर्षीय इंदरलाल पण्डो पिता सोनसाय ग्राम रैसरा को रक्त की सख्त जरूरत है, जिस रक्त समूह के ब्लड की आवश्यकता है वह ब्लड बैंक उपलब्ध नहीं है, तब आरक्षक ने बिना देर किए बेझिझक सिकलीन से पीड़ित बच्चे के लिए 1 यूनिट रक्त का दान किया। यहीं नहीं आरक्षक ने रक्त दान के साथ-साथ बच्चे के परिजनों को अपनी ओर से सहायता राशि एवं फल प्रदाय कर बच्चे के स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू ने पुलिस कर्मचारी के द्वारा किए गए रक्तदान की प्रशंसा करते हुए कहा कि रक्तदान करके न केवल आप दूसरे की जिदगी बचा सकते है, बल्कि खुद को भी सेहतमंद व बीमारी से दूर रख सकते है। उन्होंने कहा कि सूरजपुर पुलिस को जब भी इस प्रकार की सूचना मिलेगी हम सदैव इस हेतु तत्पर रहेंगे। पुलिस के इस सेवाभावी कदम की आमजनों ने काफी सराहना की है।

## विवेक चतुर्वेदी को जैजुपुर दुलदुला,विनोद शर्मा को नवागढ़, सौरव मिश्रा को मिली जशपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में संगठन चुनाव कराने की जिम्मेदारी

-रवि सिंह-
**बैकुण्ठपुर 08 जुलाई 2022(घटती-घटना)।** कांग्रेस मे ब्लॉक स्तर पर होने वाले संगठन चुनाव के बारे में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री अमरजीत चावला ने प्रेस विज्ञप्ति कर जानकारी दी है कि अखिल भारतीय केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण के अनुमोदन से छत्तीसगढ़ प्रदेश चुनाव अधिकारी (पी आर ओ), पूर्व राज्यसभा सदस्य हुसैन दलवाई ने प्रदेश के समस्त 307 नगर/ ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों में संगठन चुनाव 2022- 27 हेतु ब्लॉक निर्वाचन अधिकारियों की नियुक्ति की है। इस नियुक्ति में कोरिया जिले से कांग्रेस के कई सीनियर नेताओं को जगह मिली है साथ ही कई युवा नेताओं के कंधों पर भी संगठन चुनाव कराने की जिम्मेदारी है उन युवा नेताओं में एक नाम है जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता सौरव मिश्रा, वर्तमान में सौरव मिश्रा पूरे प्रदेश में सबसे कम उम्र के जिला प्रवक्ता के रूप में कांग्रेस का पक्ष मजबूती से लोगों के सामने रख रहे हैं, इसी को देखते हुए आने वाले ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जसपुर के संगठन चुनाव के लिए उन्हें ब्लॉक निर्वाचन अधिकारी बीआरओ नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति के संबंध में जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता सौरव मिश्रा ने छत्तीसगढ़ प्रदेश चुनाव अधिकारी (पी आर ओ), पूर्व राज्यसभा सदस्य हुसैन दलवाई, प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, स्वास्थ्य मंत्री टी एस सिंहदेव, विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत, सहित मनेंद्रगढ़ विधानसभा के विधायक डॉक्टर विनय जयसवाल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वो एक अंतिम पंक्ति के कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता है जिसे पार्टी के छात्र संगठन एनएसयूआई ने कॉलेज के दिनों में मध्यप्रदेश के बंसल कॉलेज भोपाल का अध्यक्ष बनाकर राजनीति में एक शुरुआत दी, उसके बाद ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मनेंद्रगढ़ का प्रवक्ता, असंगठित कामगार मनेंद्रगढ़ का ब्लॉक अध्यक्ष, साथ ही युवा कांग्रेस द्वारा संचालित जवाहर बाल मंच का जिला संयोजक बनाकर पार्टी के लिए उसकी विचारधारा से लोगों को जोड़ने का मौका दिया, आज पार्टी ने पूरे प्रदेश में सबसे कम उम्र के जिला प्रवक्ता के रूप में सम्मान दिया पार्टी जब भी इस प्रदेश के या इस देश के किसी भी कोने में छोटी से लेकर बड़ी तक कोई भी जिम्मेदारी सौंपेगी तो पूरे समर्पण भाव से उस जिम्मेदारी का निर्वहन करने की कोशिश करूंगा। मिश्रा ने कहा कि उनकी कोशिश होगी कि ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जसपुर के संगठन चुनाव में निष्पक्ष रुप से ब्लॉक निर्वाचन अधिकारी की भूमिका निभाऊं ताकि एक ऐसे संगठन का चयन हो जिसका फायदा आने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को मिल सके। छत्तीसगढ़ प्रदेश चुनाव अधिकारी (पी आर ओ), पूर्व राज्यसभा सदस्य हुसैन दलवाई द्वारा जारी सूची में जिले से रामनरेश पटेल को अकलतरा और कुनकुरी ब्लॉक, ध्रुपद चौहान को चांपा बम्हनीडीह ब्लॉक, हेमसागर यादव को बलौदा ब्लॉक, अशोक श्रीवास्तव को शक्ति ब्लॉक, अशोक जयसवाल को डबरा ब्लॉक, बबीता को जांजगीर नैला नगर ब्लॉक, कृष्ण मुरारी तिवारी को शक्ति नगर ब्लॉक, डमरू रेड्डी को चांपा नगर ब्लॉक, मोहम्मद इमाम को अकलतरा नगर ब्लॉक, विवेक चतुर्वेदी को जैजैपुर और दुलदुला ब्लॉक, विनोद शर्मा को नवागढ़ ब्लॉक, सुरेंद्र सिंह मखीजा को हसौद ब्लॉक, गणेश राजवाड़े को जांजगीर ब्लॉक, रवि जैन को कांसाबेल ब्लॉक, भूपेंद्र यादव को अंबिकापुर नगर ब्लॉक, उपेंद्र दुबे को भैयाथान ब्लॉक, अनिल वर्मा को दीपिका नगर ब्लॉक, शंकरराव को कटघोरा ब्लॉक, गिरधर जायसवाल को करतला ब्लॉक, विष्णु दास को पाली ब्लॉक, अज्जू कुमार रवि को कोरबा ग्रामीण ब्लॉक सहित कुल 307 नगर/ ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों में संगठन चुनाव हेतू अलग अलग ब्लॉक निर्वाचन अधिकारियो की नियुक्ति की गई है।



## बालको पुलिस ने नाबालिक बालिका का अपहरण कर शारीरिक शोषण करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

-नगर संवाददाता-
**कोरबा, 08 जुलाई 2022 (घटती-घटना)।** पुलिस अधीक्षक कोरबा भोजराम पटेल, के द्वारा महिला सम्बन्धी अपराध तत्काल कार्यवाही करने निर्देश पर थाना प्रभारी बालको नगर विजय चेलक के द्वारा महिला संबंधी अपराध की त्वरित कार्यवाही निर्देश के परिपालन में प्रार्थी थाना बालको जिला कोरबा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसकी नाबालिक लड़की दिनांक 13.12.2021 को घर से बिना बताये कहीं चली गई है। दिनांक 15.12.2021 को थाना बालको में अपराध क्रमांक 644/2021 धारा 363 भादवि का अपराध दर्ज कर विवेचना किया जा रहा था। अपहृता की पता तलाश के दौरान दिनांक 07.07.2022 को अपहृता नाबालिक लड़की ,आरोपी एलीन मसीह के साथ सूरत गुजरात में रह रहे थे ढ्ढ आज परसाभाटा बालकों में आये है की सूचना पर अपहृता के माता पिता के समक्ष बरामद किया गया। आरोपी एलीन मसीह के द्वारा नाबालिक लड़की को बहला फुसलाकर शादी करने की झांसा देकर लगातार 6 महीना से बलात्कार किया जा रहढ्ढ थढ्ढ। जो धारा 366, 376 भादवि, 4 पॉक्सो एक्ट का होना पाये जाने पर आरोपी एलीन मसीह उर्फ बाबू पिता दीपक मसीह उम्र 21 वर्ष निवासी परसाभाठा दुर्गा पण्डाल के नीचे बालको थाना बालको जिला कोरबा को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया । इस अपराध की विवेचना में सहायक उप निरीक्षक ओम प्रकाश परिहार, आर. 853 दिलेर मनहर, म.आर. 636 राधिका कंवर का योगदान रहा।





## गुप्त नवरात्र की नवमी तिथि पर भक्तों ने लिया मां महामाया का आशीर्वाद

-नगर संवाददाता-
**रामानुजगंज 08 जुलाई2022(घटती घटना)।** हिन्दू धर्म में मां दुर्गा को शक्ति का प्रतीक माना जाता है। देवी दुर्गा को प्रसन्न करने के लिए लोग साल में चार बार नवरात्रि मनाते हैं। इन चार नवरात्रियों में दो उदय नवरात्रि एवं दो गुप्त नवरात्रि शामिल है। इसे उत्तर भारत के ज्यादातर जगहों पर मनाई जाती है। शुक्ल पक्ष के आषाढ़ मास की गुप्त नवरात्र 30 जून से शुरू हुई थी साधक लोगों ने दस महाविद्यया के साथ ही गोपनीय शक्तियों का आह्वान कर उनका आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। इस बार पूर्ण तिथि होने के कारण नवरात्र पूरे 09 दिनों का रहा। प्रमुख देवियों में गुप्त नवरात्र के दौरान कई साधक महाविद्या ( तंत्र साधना ) के लिए मां काली,तारा देवी,त्रिपुर सुंदरी,भुवनेश्वरी, माता छिन्नमस्ता,त्रिपुर भैरवी,मां धूमावती,माता बगलामुखी,मातंगी और कमला देवी की पूजा करते हैं। गुप्त नवरात्रि में प्रलय एवं संहार के देवो के देव महादेव एवं मां काली की पूजा का भी विधान है। इसलिए साधक गुप्त सिद्धियों को अंजाम देते हुए चमत्कारी शक्तियों को प्राप्त कर स्वामी बन जाते हैं। नवरात्रि के नौ दिन देवी दुर्गा के 9 अलग-अलग रूपों की पूजा करते हुए भगतों ने इस गुप्त नवरात्रि में भी लोग व्रत पूजा, उपवास आदि करते हुए दुर्गा सप्तशती का पाठ,दुर्गा चालीसा,दुर्गा सहस्त्रनाम के पाठ कर आशीर्वाद ग्रहण किया। गुप्त नवरात्रि विशेषकर तांत्रिक क्रियाएं,शक्ति साधना,महाकाल आदि से जुड़े लोगों के लिए विशेष महत्त्व रखती है। इस दौरान देवी भगवती के साधक बेहद कड़े नियम के साथ व्रत और साधना करते हैं। इस दौरान लोग लंबी साधना कर दुर्लभ शक्तियों की प्राप्ति हेतु अथक प्रयास करते हैं। वैसे देखा जाए तो आमतौर पर लोगों को उदय नवरात्रि का ही ज्यादा ज्ञान होता है गुप्त नवरात्रि के बारे में बहुत कम लोग ही जान पाते हैं। जानकारों ने गुप्त नवरात्रि के नवमी तिथि के पावन अवसर पर आज मां महामाया मंदिर में मत्था टेकते हुए पूजा अर्चना कर मां का आशीर्वाद प्राप्त किया।






### कार्यालय अधीक्षण अभियंता
**लोक निर्माण विभाग (भ/स) अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर**

निविदा आमंत्रण तिथि :-01.07.2022
ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

01. निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए Log in करें https://eproc.cgstate.gov.in
02. आनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि - 19.07.2022
02. संबंधित विभाग -सूरजपुर

| सरल क्रं. | एन.आई.टी.क्रं./ऑन लाईन सिस्टम क्रं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 46<br>104214<br>1st Call<br>D Class and Above | जिला सूरजपुर के लटोरी में तहसील कार्यालय भवन निर्माण कार्य। | 63.14 |

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग
अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर

जी नं.-92763/2

### कार्यालय अधीक्षण अभियंता
**लोक निर्माण विभाग (भ/स) अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर**

निविदा आमंत्रण तिथि :-06.07.2022
ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

01. निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए Log in करें https://eproc.cgstate.gov.in
02. आनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि - 15.07.2022
02. संबंधित विभाग -मनेंद्रगढ़

| सरल क्रं. | एन.आई.टी.क्रं./ऑन लाईन सिस्टम क्रं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 47<br>104536<br>5th Call<br>D Class and Above | जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर के प्रथम तल में पेडियट्रीक वार्ड एवं आई.सी.यू. वार्ड का निर्माण | 26.37 |

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग
अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर

जी नं.-92845/3

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा) अम्बिकापुर ,जिला सरगुजा (छ0ग0)

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्रं0 /अ-2/2021-22

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक उषा सिंह पिता पितराज सिंह जाति गोंड़ निवासी ग्राम/नगर जरही तहसील प्रतापपुर जिला सूरजपुर छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम नमनाकला तहसील अम्बिकापुर खसरा नंबर 120/10 रकबा 0.020 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए रजिस्ट्री ,बी-1,खसरा, अधिकार अभिलेख, नक्शा, भूमि उपयोगिता प्रमाण पत्र,सेटलमेन्ट की प्रति आदि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निर्धारित सुनवाई तिथि 14/07/2022 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/06/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी(रा)
सील अम्बिकापुर

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा) अम्बिकापुर ,जिला सरगुजा (छ0ग0)

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्रं0 /अ-2/2021-22

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनोरंजनी बड़ा पिता करिया जाति उरांव निवासी ग्राम/नगर काटीन्दा तहसील लखनपुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम लक्ष्मीपुर तहसील अम्बिकापुर खसरा नंबर 49/5 रकबा 0.020हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए रजिस्ट्री की प्रति, बी-1,खसरा, नक्शा, भूमि उपयोगिता प्रमाण पत्र,सेटलमेन्ट की प्रति आदि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निर्धारित सुनवाई तिथि 25/07/2022 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08/07/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी(रा)
सील अम्बिकापुर

### न्यायालय नजूल अधिकारी,अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ0ग0)

रा0प्र0क्र0- /ब-121/2021-22

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती आसमा खान पत्नी लियाकत अली खान, निवासी-सत्तीपारा नेहरूवार्ड अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ0ग0 द्वारा अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य की स्थित नजूल भूमि मोहल्ला- सत्तीपारा नेहरूवार्ड नगर अम्बिकापुर में स्थित नजूल भूमि खसरा-627/6 रकबा 0.05 एकड़ भूमि आवेदक के नाम पर दर्ज है। आवेदक उक्त नजूल भूखण्ड 627/6 रकबा 0.05 एकड़ पर प्रस्तावित भू-तल पर रकबा 145.95 वर्गमीटर भूमि पर आवासीय भवन निर्माण हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र मय मेन्टेनेन्स खसरा एवं प्रस्तावित ब्लूप्रिंट नक्शा की प्रति सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भू-खण्ड में भवन निर्माण के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 11/07/2022 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 24/06/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी
सील अम्बिकापुर

### न्यायालय नजूल अधिकारी,अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ0ग0)

रा0प्र0क्र0- /अ-20(1)/2021-22

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती वाजीदा खातून पत्नी मो0 मुस्तकिम खां, जाति मुसलमान ,निवासी मोमिनपुरा नगर अम्बिकापुर थाना व तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि उसके स्वामित्व एवं अधिपत्य की मोहल्ला-पर्राडांड़, अम्बिकापुर स्थित नजूल भूमि भू-खण्ड क्रमांक-2445 एवं 2446 रकबा क्रमशः 0.02 (0.008) एवं 0.07 (0.028) डिसमिल भूमि भू-धारक श्रीमती वाजीदा खातून पत्नी मो0 मुस्तकीम खां, निवासी-पर्राडांड़ अम्बिकापुर के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है।आवेदिका के द्वारा उपरोक्त भूमि को उसके मूल भूमि स्वामी मो0 इस्माइल आ0मो0 हलखोरी, जाति मुसलमान, निवासी स्कूल रोड अम्बिकापुर थाना व तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा से पंजीबद्ध विक्रय पत्र निष्पादित दिनांक-27/02/1996 के माध्यम से क्रय किया गया है। न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर के रा0प्र0क्रं0-151/अ-6/78-79 में पारित आदेश दिनांक 04 जुलाई 79 के अनुसार भू-खण्ड क्रमांक-2445 एवं 2446 रकबा क्रमशः 0.008 एवं 0.027 आर्स भूमि क्रेता/आवेदिका श्रीमती वाजीदा खातून पत्नी मो0 मुस्तकीम खां के पक्ष में नामांतरण आदेश किया गया, परन्तु वर्तमान नजूल अभिलेख में भू-खण्ड क्रमांक-2446 एवं 2446 रकबा क्रमशः 0.02(0.008) एवं 0.07 (0.028) डिसमिल न होकर रकबा क्रमशः 0.13 एवं 0.02 डिसमिल अंकित किया गया है,जो त्रुटिपूर्ण है। आवेदिका उपरोक्त वाद भूमि के रकबा क्रमशः 0.13 एवं 0.02 डिसमिल के स्थान पर रकबा क्रमशः 0.02 एवं 0.13 डिसमिल भूमि अपने नाम के समक्ष सुधार किए जाने हेतु शपथ पत्र,नजूल मेन्टेनेन्स खसरा पारित आदेश एवं पंजीबद्ध विक्रय पत्र की छायाप्रति सहित अनुरोध किया गया है। अतः उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 18/07/2022 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 01/07/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी
सील अम्बिकापुर

# एक ऐसा कप्तान जिसने टीम इंडिया को विदेशी धरती पर जीतना सिखाया

**नई दिल्ली, 08 जुलाई 2022।** पूर्व भारतीय कप्तान और वर्तमान में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के अध्यक्ष सौरव गांगुली 50 वर्ष के हो गए हैं। आज उनका जन्मदिन है। उनके जन्मदिन पर उन्हें हर ओर से बधाई मिल रही है। सौरव गांगुली आज हमारे देश में किसी परिचय के मोहताज नहीं है। एक वक्त था जब सौरव गांगुली की लोकप्रियता शिखर पर थी। जब वह मैदान पर बल्लेबाजी करने उतरते थे तो दादा-दादा के नारे से पूरा का पूरा मैदान गुंजायमान हो जाता था। उनके द्वारा लगाए गए छक्के आज भी हमारे रोंगटे खड़े कर देते हैं। सौरव गांगुली का जन्म 8 जुलाई 1972 को कोलकाता में हुआ था। उनके पिता का नाम चंडीदास और माता का नाम निरूपा गांगुली था। सौरव गांगुली का परिवार कोलकाता के रईस व्यवसायिक परिवार में शामिल था। सौरव गांगुली का बचपन रईसी में बीता। यही कारण है कि आज भी सौरव गांगुली को महाराजा के नाम से पुकारा जाता है।

सौरव गांगुली का बचपन से ही खेल की तरफ झुकाव था। कोलकाता में फुटबॉल का एक अलग क्रेज हुआ करता था और गांगुली भी इसके प्रति आकर्षित थे। हालांकि, उनका परिवार उन्हें खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के पक्ष में नहीं था। सौरव गांगुली के बड़े भाई उस वक्त बंगाल क्रिकेट टीम के सदस्य थे। यही कारण रहा कि सौरव गांगुली क्रिकेट के क्षेत्र में धीरे-धीरे आगे बढ़ते गए। सौरव गांगुली दाएं हाथ से हर काम करते थे। लेकिन वे अपने भाई की क्रिकेट किट का इस्तेमाल कर सके, इसके लिए उन्होंने बाएं हाथ से बल्लेबाजी करने की शुरुआत की थी। क्रिकेट के क्षेत्र में गांगुली के आने के बाद उनके भाई ने उनका पूरा समर्थन किया। उड़ीसा की अंडर 15 टीम के खिलाफ शतक बनाने के बाद सौरव को सेंट जेवियर स्कूल क्रिकेट टीम का कप्तान बनाया गया। हालांकि, उस दौरान सौरव गांगुली के खिलाफ खिलाड़ियों ने उनके अहंकार की शिकायत की थी। एक जूनियर टीम के साथ गांगुली ने 12वें खिलाड़ी के रूप में खेलने से साफ तौर पर इंकार कर दिया था। हालांकि,



गांगुली अपने खेल के जरिए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते गए। यही कारण रहा कि 1989 में बंगाल के लिए उन्हें प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेलने का मौका मिला।

इसके बाद गांगुली ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। गांगुली लगातार क्रिकेट के क्षेत्र में आगे बढ़ते गए। 1990-91 में उन्होंने रणजी मैच खेला। गांगुली को 1992 में टीम इंडिया में जगह मिल गई और उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ पदार्पण मैच में सिर्फ 3 रन बनाए। हालांकि उन्हें टीम से इसलिए बाहर कर दिया गया क्योंकि उन्हें अभिमानी माना गया। 1993 से लेकर 95 तक उन्होंने घरेलू क्रिकेट में कड़ी मेहनत की और खूब रन बनाएं। यही कारण रहा कि उन्हें 1996 में एक बार फिर से टीम इंडिया की ओर से खेलने का मौका मिल गया। उन्हें इंग्लैंड में एक दिवसीय मैच खेलने का मौका मिला। हालांकि टेस्ट टीम से बाहर कर दिया गया। बाद में किसी अन्य कारण से उन्हें टेस्ट मैच में खेलने का मौका मिला और गांगुली ने राहुल द्रविड़ के साथ मिलकर लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में तीन मैचों की श्रृंखला के दूसरे टेस्ट में पदार्पण किया। इस मैच में गांगुली ने जबरदस्त तरीके से शतक बनाया था।

गांगुली लगातार क्रिकेट में नई उपलब्धियां हासिल करते गए। जब टीम इंडिया मैच फिक्सिंग के दाग से जूझ रही थी, तब सौरव गांगुली को कप्तानी सौंपी गई। इसके बाद सौरव गांगुली के नेतृत्व में टीम में कई बड़े प्रयोग हुए और खिलाड़ियों के प्रदर्शन भी बेहतर होने लगे। वह सौरव गांगुली ही थे जिन्होंने युवराज सिंह, हरभजन सिंह, वीरेंद्र सहवाग, वीवीएस लक्ष्मण, मोहम्मद कैफ, जहीर खान, आशीष नेहरा जैसे खिलाड़ियों को टीम में शामिल कराया और उन्हें खेलने का मौका दिया। गांगुली के नेतृत्व में टीम इंडिया 2003 के वर्ल्ड कप फाइनल में पहुंचने में भी कामयाब रही थी। लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में गांगुली का टीशर्ट उतार कर घूमने वाला सीन आज भी हम सभी को याद है। गांगुली ऐसे खिलाड़ी रहे हैं जिन्होंने अपने टीम के खिलाड़ियों को हमेशा प्रेरित और प्रोत्साहित किया और उनके खराब प्रदर्शन के दौरान उनका बचाव भी किया। गांगुली ने टीम को आक्रमक होकर खेलना सिखाया। यही कारण रहा कि गांगुली की कप्तानी में भारत ने विदेशी सरजमीं पर भी कई बड़े और अच्छे जीत हासिल किए हैं।

# लंबे समय से फॉर्म से जूझ रहे विराट,युवाओं के अच्छे प्रदर्शन के बीच टी20 में वापसी कर रहे कोहली पर बढ़ा दबाव

**बर्मिंघम , 08 जुलाई 2022।** इंग्लैंड के खिलाफ शनिवार को दूसरे मैच के जरिये पांच महीने बाद टी20 क्रिकेट में वापसी कर रहे भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली पर लंबे खराब फॉर्म से निजात पाने का भारी दबाव होगा। कोहली ने आखिरी टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच फरवरी में खेला था। अक्टूबर नवंबर में टी20 विश्व कप में भारत के खराब प्रदर्शन के बाद से वह सिर्फ दो टी20 मैच खेले हैं। उन्होंने इस दौरान सिर्फ आईपीएल में टी20 क्रिकेट खेला लेकिन उसमें भी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सके। टीम की रोटेशन नीति के तहत कोहली और अन्य सीनियर खिलाड़ियों को समय समय पर आराम दिया जाता है। उनकी जगह दीपक हुड्डा जैसे युवा खिलाड़ियों को मौका दिया गया और उसके फॉर्म को देखते हुए उसे टीम से बाहर कर पाना मुश्किल होगा।

कोहली के क्रम पर बल्लेबाजी कर रहे हुड्डा ने इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के पहले मैच में 17 गेंद में 33 रन बनाये। अगर उन्हें बरकरार रखा जाता है तो कोहली को कप्तान रोहित शर्मा के साथ पारी का आगाज करना होगा। ऐसे में ईशान किशन को बाहर रहना होगा। कोहली ने टी20 में आखिरी अर्धशतक पारी की शुरूआत करते हुए ही बनाया था। कोहली को वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच टी20 मैचों की श्रृंखला में भी ब्रेक दिया गया है। ऐसे में इंग्लैंड के खिलाफ आगामी दो मैच इस प्रारूप में उनके भविष्य को देखते हुए काफी अहम होंगे। कोहली अपने आप को कई बार साबित कर चुके हैं लेकिन युवा खिलाड़ियों के बेखौफ खेल को देखते हुए उन्हें फिर अपने चिर परिचित रंग में लौटना होगा। इंग्लैंड के खिलाफ पहले मैच में रोहित की वापसी हुई है जो कोरोना संक्रमण के कारण टेस्ट मैच नहीं खेल सके थे।



भारतीय खिलाड़ियों ने पहले मैच में पारंपरिक अंदाज में नहीं खेला चूंकि विश्व कप में खराब प्रदर्शन की वजह यह भी थी। पावरप्ले में 66 रन बने और विकेट गिरने के बावजूद भी तेजी से रन बनते रहे। भारत को हालांकि 'फिनिशिंग' पर काम करना होगा। कोहली, ऋषभ पंत, जसप्रीत बुमराह, रविंद्र जडेजा और श्रेयस अय्यर भी टी20 टीम से जुड़ गए हैं। पहले मैच में भारत को एक बल्लेबाज की कमी खली हालांकि टीम ने 198 रन बने। अक्षर पटेल की जगह आये जडेजा से बल्लेबाजी मजबूत नजर आ रही है।

भुवनेश्वर कुमार ने नयी गेंद से प्रभावित किया और अब बुमराह भी उनके साथ जुड़ जायेंगे। अर्शदीप का पदार्पण सफल रहा लेकिन वह अगले दो मैचों में टीम में नहीं है तो उमरान मलिक को मौका मिल सकता है। हार्दिक पंड्या ने बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन किया। रोहित को क्षेत्ररक्षण में टीम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। दूसरी ओर इंग्लैंड टीम पहले मैच की हार को भुलाकर वापसी करना चाहेगी। पहली गेंद पर आउट हुए कप्तान जोस बटलर से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

टीमें =

इंग्लैंड= जोस बटलर (कप्तान), मोईन अली, हैरी ब्रूक, सैम कुरेन, रिचर्ड ग्लीसन, क्रिस जॉर्डन, लियाम लिविंगस्टोन, डेविड मलान, टाइमल मिल्स, मैथ्यू पार्किंसन, जेसन रॉय, फिल साल्ट, रीस टॉपली और डेविड विली।

भारत= रोहित शर्मा (कप्तान), इशान किशन, रुतुराज गायकवाड़, संजू सैमसन, सूर्यकुमार यादव, दीपक हुड्डा, राहुल त्रिपाठी, दिनेश कार्तिक, हार्दिक पांड्या, वेंकटेश अय्यर, युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, भुवनेश्वर कुमार, हर्षल पटेल, आवेश खान, अर्शदीप सिंह और उमरान मलिक। मैच का समय =शाम सात बजे से



## राष्ट्रमंडल खेलों की टीम में तेजस्विन शंकर ने ली अरोकिया राजीव की जगह

**नई दिल्ली, 08 जुलाई 2022।** एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) ने बर्मिंघम में 28 जुलाई से होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों की भारतीय टीम में अरोकिया राजीव के स्थान पर तेजस्विन शंकर को शामिल किया है।

उल्लेखनीय है कि अरोकिया ने बीमारी के कारण राष्ट्रीय अंतर-राज्यीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप से अपना नाम वापस ले लिया था। एएफआई के अध्यक्ष आदिल जे सुमारिवाला ने यहां जारी बयान में कहा, हमने भारतीय ओलंपिक संघ से बीमारी के कारण राष्ट्रीय अंतर-राज्य एथलेटिक्स चैंपियनशिप से हटे अरोकिया राजीव की जगह तेजस्विन शंकर को शामिल करने का अनुरोध किया है।

उन्होंने यह भी कहा कि एएफआई आईओए से एथलेटिक्स के लिए कोटा बढ़ाने का अनुरोध कर रहा है ताकि च ालीफाइंग मानकों को पूरा करने वाले अन्य लोग भी राष्ट्रमंडल खेलों में प्रतिस्पर्धा कर सकें।

# 22 जुलाई को रिलीज होगी हंसिका की महा




निदेशक यू.आर. जमील की बहुप्रतीक्षित थ्रिलर महा, जिसमें अभिनेत्री हंसिका मोटवानी मुख्य भूमिका में हैं, आखिरकार 22 जुलाई को स्क्रीन पर आएगी, इसके निर्माताओं ने घोषणा की।

काफी लंबे समय से रिलीज का इंतजार कर रही इस फिल्म ने दो कारणों से उद्योग के अंदरूनी सूत्रों और फिल्म प्रेमियों के बीच काफी दिलचस्पी पैदा की है।

पहली यह कि फिल्म हंसिका की 50वीं फिल्म है और दूसरी यह कि फिल्म में अभिनेता सिलंबरासन ने एक भूमिका निभाई है।

महा मलिक स्ट्रीम्स कॉर्पोरेशन द्वारा निर्मित है, जो मलेशिया में स्थित एक उत्पादन और वितरण कंपनी है।

फिल्म, जिसमें घिबरन का संगीत है, छायांकन जे लक्ष्मण ने की है और संपादन जॉन अब्राहम ने किया है।

यूआर जमील के साथ, फिल्म को अंजू विजय द्वारा सह-निर्देशित किया गया है और इसे एक मनोरंजक थ्रिलर माना जाता है।

# विक्रम भट्ट की फ़िल्म जुदा होके भी की कहानी रामायण से है प्रेरित!

बॉलीवुड में रामायण से प्रेरित होकर बहुत सारी कहानियों पर ब्लॉकबस्टर फिल्मे बनी हैं। अब सूत्रों से पता चला है कि विक्रम भट्ट और महेश भट्ट की बहुप्रतीक्षित साइक्लोजिकल थ्रिलर फिल्म जुदा होके भी रामायण से इंस्पायर्ड है। 15 जुलाई, 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार इस फिल्म में रोमांस, रहस्य और हॉरर का अनूठा मिश्रण है। फ़िल्म यह सवाल भी उठाती है कि क्या हमारे वर्तमान समय में राम हो सकते हैं?

आपको याद दिला दें कि रामायण काल में अगर हम सबसे बड़ी घटना का ज़िक्र करें, तो वह भगवान राम और रावण के बीच हुई लड़ाई थी। और इस युद्ध के होने का मुख्य कारण था सीता का रावण के द्वारा हरण कर लेना मतलब सीता हरण। फ़िल्म जुदा होके भी में आधुनिक समय की सीता की भूमिका अभिनेत्री ऐंद्रिता रे ने निभाई है, जिसका चरित्र बुरी ताकतों द्वारा बंधक बना लिया जाता है और उसकी शुद्धता खतरे में पड़ जाती




है। फिल्म में उनके पति, अक्षय ओबेरॉय, भगवान राम के ईमानदारी वाले गुणों को आत्मसात करते हुए अपनी प्यारी पत्नी की खोज में निकलते हैं। लेकिन क्या वह अपनी पत्नी को स्वीकार करेगा जिसका जीवन अब दागदार हो गया है? क्या वे फिर से मिलते हैं और बाधाओं को दूर करते हैं? रामायण की थीम पर आधारित यह फिल्म दर्शकों के लिए एक बेहतर विकल्प है।

उल्लेखनीय है कि 2002 की भट्ट कैम्प की कल्ट क्लासिक राज महाभारत के सत्यवान और सावित्री की कहानी से प्रेरित थी, और अब जुदा होके भी की कहानी राम और सीता की सदियों पुरानी कथा से प्रेरणा लेती है। जुदा होके भी, के सेरा सेरा और विक्रम भट्ट वर्चुअल वर्ल्ड द्वारा निर्मित, भारत की पहली फिल्म है जिसे पूरी तरह से वर्चुअल प्रोडक्शन में शूट किया गया है। इसे विक्रम भट्ट ने डायरेक्ट किया है और महेश भट्ट ने लिखा है। प्रमुख भूमिकाओं में अक्षय ओबेरॉय, ऐंद्रिता रे और मेहरजान मज़्दा के अलावा, फिल्म में रुशद राणा, पुनीत तेजवानी और जिया मुस्तफा भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। पुनीत दीक्षित ने संगीत दिया है और यह उनकी पहली फिल्म है।

# ज्योति सक्सेना का यह रूप देखकर आप भी हो जायेंगे हैरान

ज्योति सक्सेना इस लुक में बेहद हॉट और दिलकश लग रही है । उन्हें इस कामुक अवतार में देखकर, प्रशंसक उनपे प्यार बरसाना नहीं रुका सकते। ये अविश्वसनीय रूप से बेहद हॉट फोटो निश्चित रूप से आपके दिल को झकझोर देंगे।

ज्योति सक्सेना जब भी सोशल मीडिया पर अपनी दिलकश तस्वीरें शेयर करती हैं तो वह हमेशा सुर्खियों में छा जाती हैं। ज्योति सक्सेना, जो वेब प्लेटफॉर्म की एक्टिव यूजर हैं, उन्होंने हमें अपनी सुंदरता पर दीवाना बना दिया है क्योंकि अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर यह तस्वीरें साझा की हैं।

इन तस्वीरों में हम अभिनेत्री को सफेद साटन की बेडशीट में अपने हॉट लुक्स और टोंड फिगर को फ्लॉन्ट करते हुए देख सकते है। अभिनेत्री ने अपने इस फोटोशूट दौरान लिए गए फोटोज से अपने




चाहनेवालो के दिलो मे आग लगा दी है। अभिनेत्री ने अपनी उमस भरी तस्वीर से सुर्खियां बटोर ली हैं जो आपको उनकी शानदार और कातिलाना अदाओ पर मदहोश कर देगी।

ज्योति सक्सेना ने अपने इंस्टाग्राम पर अपनी एक तस्वीर साझा की, जिसमें वह एक बिस्तर पर लेटे हुए पोज कर रही है। और जिस तरह से उन्होंने पोज़ दिया है, वह निश्चित ही काफी उमस भरा है। अभिनेत्री एक सफ़ेद सैटिन बेडशीट से खुद को ढके हुए नजर आती है। अपने क्लेवाज को दिखते हुए अपने टोंड फिगर को फ्लॉन्ट करती हैं। वह उन भूरी आँखों को कम से कम मेकअप के साथ परफेक्ट विंग आईलाइनर और उसके नीचे काजल लगा अपने चाहनेवालो से आखो के इशारो मै बात करती हुई परफेक्ट न्यूड लिप शेडऔर ग्लॉस ने उनका मेकअप पूरा किया। बालों की बात करें तो उन्होंने साइड पार्टींग के साथ सॉफ्ट कर्ल्स में उन्हें खुला रखा और उन ब्लॉन्ड हाइलाइट्स ने लुक में एक परफेक्ट ग्लैम जोड़ा।

वह अपनी मनमोहक तस्वीर से हमारा दिल जीत रही है। उनकी इस सिजलिंग इमेज के आप अनदेखा नहीं कर सकते। ज्योति सक्सेना इस लुक में बेहद हॉट और दिलकश लग रही है । उन्हें इस कामुक अवतार में देखकर, प्रशंसक उनपे प्यार बरसाना नहीं रुका सकते। ये अविश्वसनीय रूप से बेहद हॉट फोटो निश्चित रूप से आपके दिल को झकझोर देंगे।

वर्कफ्रंट की बात करें तो ज्योति सक्सेना जल्द ही बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली हैं। आधिकारिक घोषणा जल्द होने की उम्मीद है।

# एक साथ बड़े पर्दे पर नजर आएंगे पवन कल्याण और साई धरम तेज



टॉलीवुड के मेगा परिवार के दो स्टार पवन कल्याण और साई धरम तेज एक साथ समुथिरखानी की तमिल फिल्म विनोध्या सीथम में दिखाई देंगे, जो कथित तौर पर तेलुगु में बनाई जा रही है।

सूत्रों की मानें तो, फिल्म में साई धर्म तेज और उनके चाचा पवन कल्याण मुख्य भूमिकाओं में होंगे।

विनोदया सीथम का आधिकारिक तेलुगु रीमेक 12 जुलाई से इसका नियमित प्रोडक्शन शुरू हो जाएगा। जहां समुथिरकानी फिल्म का निर्देशन करेंगे, वहीं अला वैकुंठपुरमु लू के निर्देशक त्रिविक्रम श्रीनिवास मल्टी-स्टारर के लिए पटकथा और संवादों को कलमबद्ध करेंगे।

फिल्म को एक प्रसिद्ध तेलुगु प्रोडक्शन कंपनी पीपल मीडिया फैक्ट्री द्वारा वित्त पोषित किया जाएगा, जिसमें विवेक कुचिभोटला निर्माता के रूप में काम करेंगे।

पवन कल्याण को आखिरी बार राणा दग्गुबाती के साथ भीमला नायक में देखा गया था। पवन कल्याण आगे कई सारे प्रोजेक्ट में व्यस्त रहने वाले हैं और अभिनेता अब कई परियोजनाओं पर काम कर रहे हैं। दूसरी ओर, साई धरम तेज के पास आगे भी कुछ अच्छी फिल्में हैं।













# गुमराह में पुलिस की भूमिका के लिए मृणाल ठाकुर ने की कड़ी मेहनत



अभिनेत्री मृणाल ठाकुर आगामी थ्रिलर फिल्म गुमराह में एक उग्र पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाती नजर आएंगी और इस किरदार की तैयारी में कोई कसर नहीं छोड़ रही हैं। मृणाल ने कहा, एक प्रतिबद्ध पुलिस वाले की भूमिका निभाने के लिए, मुझे व्यापक शारीरिक प्रशिक्षण से जरना पड़ा।प्रशिक्षित एथलीटों के साथ दौड़ने के दौरान शरीर की संरचना को बनाए रखने के लिए शारीरिक रूप से प्रशिक्षित होने से लेकर विभिन्न प्रकार की बंदूकों को संभालने तक मैंने एक पुलिस वाले के सार को अनुकूलित करने के लिए सब कुछ करने की कोशिश की है।

09-07-2022 Ambikapur2222_Layout 2 7/9/2022 12:02 AM Page 8




## संक्षिप्त समाचार

### पहाड़ी नाले में बहा गश्त से लौट रहा जवान, अब तक नहीं मिला सुराग

**बीजापुर, 08 जूलाई 2022।** पहाड़ी नाले में गश्त से लौट रहा जवान बह गया । रात भर से जिले में हो रही बारिश के चलते नदी नाले उफान पर हैं। बताया जा रहा है कि जवान सिलगेर इलाके में गश्त पर निकले थे। पहाड़ी नाला पार करते वक्त हादसा हुआ।

जवान का अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। ये घटना सुबह 7 बजे की बताई जा रही है। लापता जवान की तलाश में जवान और ग्रामीण जुटे हुए हैं। सूरज आर. निवासी केरला बताया जा रहा है। कोबरा 210 बटालियन का जवान है। डीआईजी सीआरपीएफ कोमल सिंह ने जानकारी दी है।

### एसीएस प्रमुख सचिव और सचिवों को पत्र, सरकार ने मांगी तबादलों की जानकारी



तत्काल /आज–ही

छत्तीसगढ़ शासन
सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय
महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर
जिला रायपुर

क्रमांक एफ 1–1/2022/एक/6 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 8 जुलाई, 2022

प्रति,
अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव,
सचिव/विशेष सचिव (स्वतंत्र प्रभार),
छत्तीसगढ़ शासन,
समस्त विभाग,
मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर।

विषयः– स्थानांतरण पर प्रतिबंधित अवधि में दिनांक 24 अगस्त, 2019 से 30 जून, 2022 तक अधिकारियों/कर्मचारियों का किये गये स्थानांतरण के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराने बाबत्।

—000—

सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ 1–1/2019/एक/6, दिनांक 27 जून, 2019 द्वारा स्थानांतरण नीति जारी किया गया था। उक्त नीति में जिला स्तर पर स्थानांतरण एवं राज्य स्तर स्थानांतरण हेतु दिशा निर्देश जारी किये गये थे।

2/ स्थानांतरण पर प्रतिबंधित अवधि में दिनांक 24 अगस्त, 2019 से 30 जून 2022 तक की स्थिति में विभागों द्वारा विभागीय आवश्यकता के अनुरूप समन्वय में अनुमोदन प्राप्त कर प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के अधिकारियों/कर्मचारियों का स्थानांतरण किया गया है। प्रतिबंधित अवधि में किये गये स्थानांतरण की जानकारी संलग्न निर्धारित प्रपत्र में आज–ही इस विभाग को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्न :निर्धारित प्रपत्र।

(डी.डी. सिंह)
सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
सामान्य प्रशासन विभाग

**रायपुर, 08 जुलाई 2022।** प्रदेश में बीते तीन सालों में हुए तबादलों की सरकार ने जानकारी मांगी है। इस संबंध में जीएडी सचिव डीडी सिंह ने सभी एसीएस प्रमुख सचिव और सचिवों को पत्र लिखकर 14 तारीख से पहले जानकारी भेजने कहा है। बताया गया कि प्रदेश में तबादलों पर से रोक हटाने के लिए काफी दबाव है। कोरोना की वजह से सीमित तबादले हो रहे थे। सामान्य प्रशासन विभाग ने प्रथम, द्वितीय, और तृतीय श्रेणी के कर्मचारियों के तबादले की विस्तार से जानकारी आज ही उपलब्ध कराने के लिए कहा है। सूत्रों के मुताबिक 14 जुलाई को कैबिनेट की बैठक है। बैठक में प्रतिवेदन मिलने के बाद विस्तार से चर्चा हो सकती है। कहा जा रहा है कि चुनावी साल को देखते हुए भी विस्तृत ब्यौरा मांगा गया है, और आगे की नीति इन सब बिन्दुओं को ध्यान में रखकर जारी हो सकती है।

### बाइक के साथ 3 चोर गिरफ्तार, कबूला जुर्म



**बिलासपुर/कोटा,08 जुलाई 2022।** कोटा थाना क्षेत्र में बाइक चोरी का मामला सामने आया है। कोटा थाना क्षेत्र के ग्राम घुटकू निवासी व ग्राम मोहन्दी के दो लोगों ने बाइक चोरी की रिपोर्ट कोटा थाने में दर्ज कराई थी। रिपोर्ट दर्ज करने के बाद कोटा एसडीओपी आशीष अरोरा के मार्गदर्शन में अलग-अलग टीमों ने बाइक तलाश करने की कोशिश की। उसके बाद पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम बेलटुकरी निवासी शम्मी वर्मा पिता गिरवर वर्मा (20 वर्ष) और नरेंद्र कौशिक पिता दुखी राम कौशिक (32 वर्ष) निवासी ग्राम पिपरतराई के साथ एक अपचारी बालक अपने पास बाइक रखे हुए हैं। जब पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ की तो उन्होंने अपना गुनाह कबूल करते हुए बताया कि तीन अलग-अलग जगहों से तीन बाइक उन्होंने चोरी की है। इस मामले में अब तीनो को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई कर उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### पतंजलि के नाम पर युवक से ठगी

**रायपुर, 08 जुलाई 2022।** पतंजलि योग पीठ में बुकिंग कराने के नाम पर 17500 रुपए की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफधोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी पुसाग वर्मा 30 वर्ष ने नेट पर पतंजली योग पीठ में बुकिंग कराने के लिए फोन नंबर सर्च कर फोन लगाया। जिसमें अज्ञात व्यक्ति ने नेचुरल न्यूरो थैरेपी पंचकर्म में बुकिंग कराने के नाम पर 17500 रुपए लेकर धोखाधड़ी किया है।

## आईटी छापे पर सियासत जारी

# कांग्रेस नेता ने फिर फेसबुक में शेयर की भाजपा नेताओं के साथ सूर्यकांत की तस्वीर




### मूणत ने किया पलटवार,कहा-बताएं अपने रिश्ते

**रायपुर, 08 जुलाई 2022।** छत्तीसगढ़ में हाल ही में सूर्यकांत तिवारी के करीबियों के ठिकानों पर इनकम टैक्स की छापेमारी को लेकर सियासत जारी है. कांग्रेस प्रवक्ता आरपी सिंह ने फेसबुक पर एक बार फिर भाजपा नेताओं के साथ सूर्यकांत तिवारी की फोटो साझा करते हुए इसे पार्ट-2 करार दिया. इस पोस्ट पर भाजपा प्रवक्ता राजेश मूणत ने पलटवार करते हुए मुख्यमंत्री और पीसीसी चीफ से सूर्यकांत से कांग्रेस के रिश्तों का खुलासा करने को कहा है.

सूर्यकांत तिवारी के करीबियों के ठिकानों पर आईटी की छापेमारी हुई थी, जिसकी प्रदेशभर में चर्चा हुई थी. इसके बाद कांग्रेस प्रवक्ता आरपी सिंह ने लगातार दूसरे दिन शुक्रवार को सोशल मीडिया पर सूर्यकांत तिवारी के साथ भाजपा नेताओं की तस्वीर को साझा करते हुए टिप्पणी की है कि रंग खुश्बू और मौसम का बहाना हो गया.. अपनी ही तस्वीर में चेहरा पुराना हो गयाज वैसे कल कुछ तस्वीरों के सामने आने के बाद भाजपाइयों के मुँह में दही जम गई थी. लेकिन कुछ इसके बाद भी बाज़ नहीं आए इसलिए इन तस्वीरों को देख लीजिए. अगर मन भर गया हो तो ठीक है नहीं तो आगे भी तस्वीरों के सामने आने का सिलसिला जारी रहेगा।

### फोटो से सच्चाई छिप नहीं सकती

आरपी सिंह के सोशल मीडिया में किए गए पोस्ट के बाद राजेश मूणत ने वीडियो संदेश जारी कर सूर्यकांत तिवारी के साथ कांग्रेस के रिश्तों पर स्पष्टीकरण मांगा है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता आरपी सिंह कहते हैं कि सूर्यकांत तिवारी के साथ हम नेताओं के फोटो हैं. स्वाभाविक हैं जनप्रतिनिधि हैं, हमसे मिलने आए हैं. लेकिन कांग्रेस पार्टी के माननीय मुख्यमंत्री और कांग्रेस पार्टी स्पष्ट करें कि सूर्यकांत तिवारी से उनके क्या रिश्ते हैं. उनके साथ इनकम टैक्स की रेड पड़ी में जो कागजात मिले हैं, वो किससे ताल्लुकात रखते हैं. हमारे फोटो जारी करने से सच्चाई छिप नहीं सकती. इसलिए कांग्रेस पार्टी आरोप-प्रत्यारोप लगाने की बजाए यह स्पष्ट करे कि सूर्यकांत तिवारी के साथ कांग्रेस पार्टी का क्या संबंध है।.



### हड़ताल की वजह से सेवा से हटाए गए 21 मनरेगा कर्मचारी की बहाली पर अड़े साथी, सरकार को दिया 10 दिन का अल्टीमेटम

**रायपुर, 08 जुलाई 2022।** छत्तीसगढ़ मनरेगा कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर 4 अप्रैल से किए गए अनिश्चितकालीन हड़ताल के दौरान 21 कर्मचारियों की सेवा समाप्त कर दी गई थी. लंबित मांगों पर विचार किए जाने के साथ 21 कर्मचारियों की बहाली के आश्वासन पर महासंघ ने 66 दिनों की हड़ताल के बाद अपना आंदोलन स्थगित कर दिया था. लेकिन अब तक 21 कर्मचारियों की बहाल नहीं किए जाने पर अब मनरेगा अधिकारी-कर्मचारी त्यागपत्र देने की बात कह रहे हैं.

छत्तीसगढ़ मनरेगा कर्मचारी महासंघ के प्रांतीय प्रवक्ता और प्रांतीय मीडिया प्रभारी सूरज सिंह ठाकुर ने बयान जारी किया है. उन्होंने कहा कि कैबिनेट मंत्री कावासी लखमा के मंच पर मांगों पर विचार के साथ 21 साथियों की तत्काल बहाली के आश्वासन पर महासंघ ने 66 दिन की हड़ताल तत्काल समाप्त कर दी गई थी. सभी 12710 अधिकारी-कर्मचारी काम पर लौट गए, लेकिन 30 दिन बाद भी 21 कर्मचारियों की बहाली नहीं किए जाने से सभी अधिकारी-कर्मचारी क्षुब्ध और दुखी हैं.

प्रांतीय प्रवक्ता ने कहा कि 21साथियों की सेवा बहाली नहीं होने से सभी 12710 साथी भरे मन से अपने दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं. उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से 21 साथियों की बहाली पर त्वरित कार्रवाई करने की मांग की है. इसके साथ ही 10 दिन के भीतर बहाली नहीं होने की स्थिति में सभी साथी त्यागपत्र देकर अपने कर्तव्य को छोड़ने के लिए विवश होंगे. जीवन यापन के लिए अन्य कोई कार्य अपनी खेती, किसानी, मजदूरी करने के लिए मजबूर होंगे, लेकिन कोई आंदोलन या विरोध नहीं करेंगे।

# 50 सवारियों से भरी बस को लेकर भागा युवक

### खाना खा रहे थे ड्राइवर और कंडक्टर

#### स्कार्पियों और एक बस को भी ठोक दिया







**कांकेर, 08 जुलाई 2022।** शहर के नया बस स्टैंड से बस चोरी हो गई थी. स्थानीय लोगों की मदद से आरोपी को पकड़ लिया गया. सुकमा से दुर्ग के लिए पायल बस निकली थी. इस दौरान कांकेर में गाड़ी खड़ी कर बस ड्राइवर व कंडक्टर होटल में खाना खा रहे थे और इधर अज्ञात व्यक्ति 50 सवारियों से भरी बस को लेकर भाग रहा था, जिसे स्थानीय लोगों ने रोककर आरोपी को पुलिस के हवाले किया.

कांकेर बस स्टैंड से बस लेकर भागने के दौरान आरोपी ने स्कार्पियो और एक बस को ठोकर मार दी. स्थानीय लोगों ने जिला अस्पताल के सामने बस को रोककर आरोपी को कोतवाली पुलिस के सुपुर्द किया. आरोपी ब्रजेश पांडेय बाबू दबेना जिला कांकेर का रहने वाला है. पुलिस के मुताबिक आरोपी मानसिक रोगी है. आरोपी को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर जांच में जुट गई है.।

### राज्य सरकार की पैनी नजर,19 कोल वाशरी और डिपो पर पांच विभागों की संयुक्त टीम की ताबड़तोड़ छापेमारी,सारे वाशरी किए गए सील



**रायपुर, 08 जुलाई 2022।** प्रदेश के चार अलग-अलग जिलों में स्थित 19 कोल वाशरी और कोल डिपो में राज्य सरकार के पांच विभागों की संयुक्त टीम ने छापेमारी की है. जांच के दौरान किसी तरह की गड़बड़ी न हो इसके लिए सारे वाशरी को सील कर दिया गया है.

सूत्रों के अनुसार, राज्य सरकार के खनिज, पर्यावरण, जीएसटी, पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने कोल वाशरी और डिपो पर छापेमारी कर रही है. अमले में 35 अधिकारी के अलावा इससे दोगुने कर्मचारी शामिल होने की बात कही जा रही है. यह कार्रवाई रायगढ़ में 6, बिलासपुर में 5, कोरबा में 6 और जांजगीर-चांपा में 2 जगहों पर एकसाथ चल रही है. राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि यह कार्रवाई अगले कई दिनों तक जारी रह सकती है.

बता दें कि गर्मी के दौरान देश में बिजली संकट को देखते हुए कोयले की नियमित आपूर्ति को बरकरार रखने के लिए छत्तीसगढ़ स्थित कोयला खदानों से रोजाना बड़ी मात्रा में मालगाड़ियों के माध्यम से पावर प्लांटों तक कोयले की आपूर्ति की जा रही है. इसके लिए एसईसीएल रोजाना करीब 165 रैक का परिचालन किया जा रहा है. छत्तीसगढ़ से मध्यप्रदेश, पंजाब, यूपी, राजस्थान, गुजरात सहित अन्य प्रदेशों तक मालगाड़ियों के माध्यम से कोयला सप्लाई की जा रही है।

### थाने में आरक्षक के साथ मारपीट, युवक के खिलाफ अपराध दर्ज

**महासमुंद, 08 जून 2022।** महासमुंद के सरायपाली थाने में घुस कर आरक्षक की बीती रात पिटाई कर दी गई। आरक्षक की रिपोर्ट पर शासकीय कार्य में बाधा व मारपीट की रिपोर्ट दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार सरायपाली थाना में आरक्षक योगेंद्र दुबे पदस्थ हैं। आरक्षक की ड्यूटी बीती रात थाना हाजरी में लगी हुई थी। आरक्षक के द्वारा कल रात्रि दस बजे थाने में बैठे संदेही भलभद्र भोई से पूछताछ कर रहा रहा था। तभी वहां सरायपाली निवासी कमल अग्रवाल पिता लक्ष्मीचंद अग्रवाल निवासी सरायपाली आया और संदेही से पुछताछ का विरोध कर आरक्षक योगेंद्र दुबे के साथ गाली गलौच करते हुए हाथ मुक्का से मारपीट कर दी।



### अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 2 गिरफ्तार

**सरायपाली, 08 जुलाई 2022।** पुलिस अधीक्षक महासमुंद विवेक शुक्ला के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मेघा टेंबुलकर साहू एवम एसडीओपी सरायपाली विकास पाटले के मार्गदर्शन अपराध एवं अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने की मुहिम में तारतम्य में जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों को जिले में अवैध शराब बिक्री एवं परिवहन पर अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया था अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों के धरपकड़ के इसी क्रम में थाना सरायपाली के थाना प्रभारी आशीष वासनिक को आज दिनांक 07/07/2022 के जरिए मुखबिर से सूचना मिली कि बस स्टैंड सरायपाली के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बिक्री हेतु रखा हुआ है कि सूचना पर हमराह स्टाफ रवाना होकर मुखबीर के बताए निशानदेही स्थान बस स्टैंड सरायपाली के पास पहुचकर घेराबंदी कर पकड़े जिससे उसका नाम पता पूछने पर अपना नाम आयुष महापात्र पिता उमेश महापात्र उम्र 22 वर्ष साकिन वार्ड नंबर 3 महल पारा सरायपाली का रहने वाला बताया जिसके कब्जे से 35 नग स्पेशल गोवा अंग्रेज़ी कुल 06 लीटर शराब कीमती ?4200 रूपये व इसी क्रम में मामा भांजा होटल मेन रोड सरायपाली मे अविनाश पंडा नामक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बिक्री हेतु रखा है. सूचना पर हमराह स्टाफ रवाना होकर मुखबीर के बताए निशानदेही स्थान मामा भाचा होटल मेन रोड सरायपाली के पास पहुंचकर घेराबंदी कर एक व्यक्ति को पकड़े जिसका नाम पता पूछने पर अपना नाम अविनाश पंडा पिता स्वर्गीय प्रेमानंद पंडा उम्र 32 साल साकिन वार्ड नंबर 2 सरायपाली थाना सरायपाली जिला महासमुंद का होना बताया जिसके कब्जे से 32 नग स्पेशल गोवा अंग्रेजी शराब कुल 5760 शराब कीमती 3840 रुपए को जप्त कर आरोपीयो का कृत्य 34(2) आबकारी एक्ट का पाए जाने से थाना सरायपाली में अपराध क्रमांक (1) 279/2022,(2)280/2022 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट कायम कर आरोपी को ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा गया है।

### जू का पिंजरा तोड़कर फरार हुआ खूंखार भालू, पर्यटकों में मची भगदड़,खोजबीन में जुटी टीम

**बिलासपुर, 08 जुलाई 2022।** शहर के एक जू से एक खूंखार भालू पिंजरा तोड़ कर भाग निकला। इस घटना के बाद वन विभाग के महकमे में हड़कंप मचा है साथ ही उसे ढूंढने के लिए टीम जुट गई है। पूरी घटना बिलासपुर के कानन पेंडारी जू की बताई जा रही है। घटना के बाद पर्यटकों जू के बाहर ही रोक दिया गया।



जू के भीतर भी जितने पर्यटक थे उन सभी को जैसे ही इसकी सूचना मिली उन सभी में हड़कंप मच गया और बाहर भागने के लिए उनमे भगदड़ मच गई।

ख़बरों के मुताबिक, यहां के एक केज में भालू को रखा गया था। सुबह 8-30 बजे के आसपास जब जू कीपर ड्यूटी पर पहुंचे तो कार्यालय के पास भालू को देखकर होश उड़ गए। भालू को देखकर कर्मचारियों की हालत खराब हो गई और वे आनन-फानन में उस जगह से रफू चक्कर हो गए।

फिलहाल भालू को ढूंढने की तलाश जारी है। फिलहाल ये चिंता का विषय है कि इतने बड़े जू से अगर कोई जानवर इस तरह पिंजरा तोड़कर फरार हो जाता है तो इस लापरवाही की जांच होनी चाहिए।

#### स्कूली बच्चों के लिए खुशखबरी

### शनिवार को खाली हाथ जाना होगा स्कूल




**रायपुर, 08 जुलाई 2022।** छत्तीसगढ़ सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में एक अनोखा कदम उठाया है. प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल ने ट्वीट करते हुए कहा की हमारे बच्चे स्कूल के लिए जागृत हो और पढ़ाई के साथ-साथ खेल, योग, संस्कृति , साहित्यिक शिक्षा ग्रुप डिस्कशन और लाइब्रेरी में बच्चे समय बताएं इसलिए अब प्रत्येक शनिवार को आठवीं तक के बच्चे बिना बैग के स्कूल जाएंगे।

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा यह एक अनोखा पहल बताया जा रहा है जिस प्रकार प्रदेश के अंदर स्वामी आत्मानंद स्कूल खोलने से लगातार बच्चों और अभिभावकों में एक अलग प्रकार उत्साह देखने को मिल रहा है. प्रदेश का बच्चा-बच्चा अपने भविष्य को लेकर सजक हो रहा है. अभिभावक भी अपने बच्चों के साथ एक नई ऊर्जा के साथ सामने आ रहे हैं. सकारात्मक परिणाम को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा यह एक अनोखा और नया पहल प्रारंभ होने जा रहा है.

आपको बता दे प्रत्येक शनिवार को छत्तीसगढ़ के सभी स्कूल के बच्चे नो बैग डे मनाया जाएगा.इस दिन बच्चे बिना बैग लिए घर से स्कूल जाएंगे. बताया जा रहा है कि इस दिन सभी बच्चे स्वास्थ्य, योग, प्रदेश की संस्कृति, साहित्य और किताबों को पढ़ने में अपना समय व्यतीत करेंगे.

रोज-रोज घर से बैग ले जाकर क्लास रूम में बैठने से बच्चों का भी मन कुंठित सा हो जाता है इस कुंठित मन को स्वतंत्र करने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा यह एक अनोखा पहल प्रारंभ किया जा रहा है अब आने वाले समय में देखने वाली बात होगी कि आखिरकार इसका कितना प्रभाव बच्चों के मन मस्तिष्क और उनके जीवन पर पड़ता है।

# अवैध हथियारों का बाजार बनते जा रहा इंटरनेट मीडिया

**रायपुर, 08 जुलाई 2022।** पिस्टल, देसी कट्टा, कारतूस और चाकू बेचने की बात अब प्रदेश में आम हो गई है.. इंटरनेट मीडिया पर अवैध हथियारों का एक नया बाजार दिखते नजर आ रहा है. इन इंटरनेट मीडिया अकाउंट पर हथियारों की कीमत के साथ होम डिलीवरी की भी बात कही जाती है.

इंटरनेट मीडिया पर अवैध हथियारों का बाजार सजाकर बंदूक पिस्टल देसी कट्टा कारतूस व चाकू बेचने की बात खुले आम होने लगी है. खरीददारों के लिए संपर्क के लिए खुलेआम मोबाइल नंबर भी दिया जाता है किसी गैंगस्टर की फोटो भी लगी रहती है.

आपको बता दें जून 2022 के बाद हथियार बिक्री वाले अकाउंट की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी देखने को मिली है. लगातार बढ़ते साइबर क्राइम के बीच छत्तीसगढ़ पुलिस के लिए नई चुनौती सामने आई है जिसको लेकर लगातार पुलिस एक के बाद एक नए पड़ताल कर रही है पर हाथ कुछ लग रहा है.

इंटरनेट मीडिया पर कुछ ऐसे भी साइड जहां विदेशी बंदूक भी उपलब्ध कराने के दावे -



फेसबुक साइट पर बहुत सारे ऐसे पोस्ट हैं जिस पर फोन करने पर हफ्ते भर के अंदर ही डिलीवरी करने की बात की जाती है यहां तक कि बहुत सारे ऐसे साइड से जहां पर सीधे विदेशों से वार्ता कर सामान भेजने की बात कही जाती है. हैरान कर देने वाली बात यह है कि ऐसे पोस्ट को फेसबुक पर खूब प्रमोट किया जा रहा है.

जिस उम्र में युवाओं को अपनी मातृभूमि के लिए नित्य नए आयाम रचने की जागृति होनी चाहिए उस उम्र में बच्चे फेसबुक पर ऐसे पोस्ट को लगातार फॉलो करने में जुटे हुए हैं. जिसको बच्चे खिलौना समझ रहे दरअसल आज उसी हथियार ने शिंजो आबे को मौत के करीब ला दिया है. सिर्फ भारत ही नहीं विदेशी भी ऐसे पोस्ट को वायरल करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं.

**छत्तीसगढ़ पुलिस कसता शिकंजा कहां तक**

छत्तीसगढ़ पुलिस के एंटी क्राइम एंड फाइबर यूनिट के हथियारों के अनुसार ऐसी सामग्री वाले कुछ फेसबुक अकाउंट को खंगाला गया है अधिकांश के आईपी ऐड्रेस राजस्थान मध्य प्रदेश और हरियाणा सहित दूसरे राज्यों के हैं दिल्ली से सटा गुरुग्राम इसमें प्रमुख है. लोकल कनेक्शन सामने आते ही रायपुर पुलिस द्वारा धरपकड़ की जाएगी फिलहाल रायपुर से ऐसा हथियार बाजार ऑनलाइन चलाने वाला गिरोह अब तक सामने नहीं आया है.

**इस पूरे मामले पर क्या कहा एसएसपी प्रशांत अग्रवाल ने**

छत्तीसगढ़ में यदि कोई इस तरह से फेसबुक पर हथियार बेचेगा तो उस पर कार्यवाही की जाएगी. कई बार ऐसे अकाउंट फर्जी भी होते हैं. रायपुर में अब तक इस प्रकार का कोई शिकायत सामने नहीं आए हैं।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)